


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल





■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 32 | ग्वालियर, सोमवार 31 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


-पीएम ने 'मन की बात' के 94वें एपिसोड में देशवासियों से अंतरिक्ष, पर्यावरण और युवा शक्ति को लेकर किया संवाद

## छठ पूजा- भारतीय संस्कृति और आस्था की छाप पूरी दुनिया में छोड़ रही है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ पूजा सूर्य पूजा प्रकृति के साथ हमारी संस्कृति के गहरे संबंध का प्रमाण है। छठ पूजा श्रेष्ठ भारत का भी उदाहरण है, जो देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही विदेशों में भी मनाया जाता है। यह पर्व स्वच्छता पर भी विशेष जोर देता है। छठ त्योहार के आगमन पर, सड़कों, नदियों, घाटों और पानी के विभिन्न स्त्रोतों को सामुदायिक स्तर पर साफ किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा, 'छठ अब दिल्ली, मुंबई और गुजरात के कई हिस्सों के साथ महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। समय बीतने के साथ, लगभग पूरे गुजरात में छठ पूजा के रंग घुलने लगे हैं। अब तो विदेशों में भी भारतीय समुदाय के लोग छठ पूजा मनाने लगे हैं। हम विदेशों में मनाई जा रही छठ पूजा की ऐसी भव्य तस्वीरें देखते हैं, जिसका अर्थ है कि भारतीय संस्कृति और इसकी आस्था दुनिया के हर कोने में अपनी छाप छोड़ रही है।' उन्होंने सोलर एनर्जी के बारे में बात करते हुए कहा, हमने अभी-अभी पवित्र छठ पूजा, भगवान सूर्य की पूजा के बारे में बात की है। इसलिए आज सूर्य की पूजा के साथ-साथ उनके वरदान की भी चर्चा क्यों न करें। सूर्य देव का यह आशीर्वाद है- 'सौर ऊर्जा'। पीएम ने कहा, भारत अपने पारंपरिक अनुभवों को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ रहा है, इसीलिए हम सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने वाले अग्रणी देशों में से एक बन गए हैं, जिस तरह से सौर ऊर्जा गरीबों और



मध्यम वर्ग के जीवन को बदल रही है, वह अध्ययन का विषय है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु में कांचीपुरम में एक किसान हैं, थिरु के. एजिलॉन उन्होंने 'पीएम कुसुम योजना' का लाभ उठाया और अपने खेत में 10 हॉर्स पावर का सोलर पंपसेट लगवाया। अब उन्हें अपने खेत के लिए बिजली पर कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ता। गुजरात के मोढेरा सूर्य ग्राम के अधिकांश घरों में सौर ऊर्जा से बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। अब वहां के कई घरों में महीने के अंत में बिजली का बिल नहीं आता है। इसके बजाय, बिजली से होने वाली आय का चेक मिलता है।' स्पेस टेक्नोलॉजी के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मुझे वे पुराने दिन भी याद हैं, जब भारत को क्रायोजेनिक रॉकेट टेक्नोलॉजी से वंचित कर दिया गया था। लेकिन भारत के वैज्ञानिकों ने न केवल स्वदेशी तकनीक विकसित की बल्कि आज इसकी मदद से दर्जनों उपग्रह एक साथ अंतरिक्ष में भेजे जा रहे हैं। भारत ने एक साथ 36 उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे हैं। यह देश के युवाओं की ओर से जनता को दिवाली का एक खास तोहफा है। इससे कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कोहिमा तक पूरे देश में डिजिटल कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। गैर-सरकारी कंपनियों को भी इन-स्पेसी के माध्यम से अपने पेलोड और उपग्रहों को लॉन्च करने की सुविधा मिल रही है। मैं अधिक से अधिक स्टार्ट-अप्स और इनोवेटर्स से आग्रह करूंगा कि वे अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत में पैदा हो रहे इन विशाल अवसरों का पूरा लाभ उठाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 94वें एपिसोड में कहा- भारत के युवाओं के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र खोले जाने के बाद इसमें क्रांतिकारी बदलाव आने लगे हैं। स्टार्ट-अप्स इस क्षेत्र में नए इनोवेशन और टेक्नोलॉजी ला रहे हैं। मैंने लाल किले से 'जय अनुसंधान' का आह्वान किया था। मैंने इस दशक को भारत का दशक बनाने की भी बात कीज्हमारे आईआईटी के छात्रों ने भी इसकी कमान संभाली है।

## नकली दवा का केंद्र बना रुड़की, 4 सालों में एक दर्जन से अधिक मामले सामने आए

**रुड़की।** रुड़की व भगवानपुर क्षेत्र नकली दवाओं का केंद्र बनकर उभरा है। ड्रग विभाग की कमजोर पकड़ के चलते यहां नकली दवा का धंधा जमकर फलफूल रहा है। पिछले 5 सालों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो नकली दवा कंपनी के पकड़े जाने के करीब दर्जनभर मामले सामने आ चुके हैं। कार्रवाई के बाद भी नकली दवा के धंधे से जुड़े लोग बाज नहीं आ रहे हैं। हालत यह है कि नकली दवा के मामले में गिरफ्तारी होने के बाद भी कई ऐसे लोग हैं, जो फिर से नकली दवा का धंधा संचालित किए हुए हैं। भगवानपुर के डाडा जलालपुर गांव में नकली दवा फैक्ट्री के पकड़े जाने का मामला भले ही काफी बड़ा माना जा रहा हो। लेकिन रुड़की व भगवानपुर क्षेत्र के लिए यह सामान्य सी बात हो गई है। ड्रग विभाग की अनदेखी के कारण नकली दवा का धंधा करने वालों के लिए रुड़की व भगवानपुर सबसे मुफीद है। वर्ष 2018 सितंबर में उत्तर प्रदेश के अमरोहा के ड्रग विभाग व पुलिस टीम ने सलेमपुर औद्योगिक क्षेत्र, चावमंडी व शिवपुरम में तीन नकली दवा फैक्ट्री पकड़ी थी। 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया गया था। सन 2020 में दिल्ली से आई विजिलेंस टीम ने स्थानीय ड्रग विभाग के साथ मिलकर चुडियाला में भाजपा नेता के भाई की फैक्ट्री से नकली दवा पकड़ी थी।



## खास खबर

### शोंडा राइम्स बोली- एलन की योजना, पर नहीं बोलना-सोचना, अलविदा ट्विटर

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका का मशहूर निर्माता शोंडा राइम्स ने अरबपति एलन मस्क के ट्विटर के अधिग्रहण पर नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह इस माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट का इस्तेमाल बंद कर देंगी। ग्रेज एनाटॉमी, स्कैंडल और ब्रिजर्टन जैसे प्रसिद्ध कार्यक्रमों की निर्माता राइम्स ने एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया था कि मस्क द्वारा ट्विटर का 44 अरब अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण किए जाने के बाद वह इस मंच का उपयोग नहींकरेंगी। नवंबर 2008 में ट्विटर से जुड़ने वाली राइम्स के साइट पर लगभग 19 लाख फॉलोअर हैं। उन्होंने ट्वीट किया, एलन की जो भी योजना है, मुझे उसके बारे में नहीं बोलना-सोचना। अलविदा। राइम्स से पहले दिस इज अस के कार्यकारी निर्माता केन ओलिन और बिलियन्स के मेजबान ब्रायन कोप्पेलमैन भी ट्विटर का इस्तेमाल बंद करने की घोषणा कर चुके हैं। गुरुवार को ट्विटर के अधिग्रहण के बाद एलन मस्क ने ट्वीट किया था, पंछी आजाद हो गया है।

### हिमाचल प्रदेश में गृहमंत्री शाह दो दिन में करेंगे आधा दर्जन रैलियां

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार में तेजी आ गई है। भाजपा की शीर्ष नेता भी यहां सक्रिय हो गए हैं। देश के गृहमंत्री अमित शाह एक से दो नवंबर को शाह हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। यहां विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शाह की 2 दिनों में 6 रैलियां होने वाली हैं। हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। भाजपा एक बार फिर अपनी सत्ता को बचाने के लिए पूरा जोर लगा रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 1 और 2 नवंबर को हिमाचल के दौरे रहेंगे। यहां शाह छह रैलियों के अलावा पार्टी नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी करने वाले हैं। जानकारी के अनुसार अमित शाह एक नवंबर को भट्टियाट, कारसोग और कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्रों में रैली करेंगे। वहीं 2 नवंबर को धर्मशाला, नादौन और नालागढ़ में रैलियों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा शिमला में पार्टी नेताओं के साथ एक बैठक भी कर सकते हैं। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को 68 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में चुनाव होने वाले हैं। यहां मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है।

### यूपी- बरेली में बस की प्रतीक्षा में खड़े 10 लोगों को अनियंत्रित पिकअप ने कुचला, 3 की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक पिकअप वाहन ने 10 लोगों को कुचल दिया, जिसमें से तीन लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं 3 की हालत गंभीर है। सभी लोग बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से आए पिकअप ने 10 लोगों को टक?कर मार दी। यह घटना बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के बाइपास इलाके की है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को अरेस?ट कर लिया है। उससे पहले राहगीरों ने ड्राइवर की पकड़कर पिटाई कर दी, जब हादसे के बाद वह भागने की कोशिश करने लगा। बरेली और नवाबगंज में घायलों का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाफिजगंज बाईपास पर शनिवार की शाम आशु गंगवार, अनुपम, इंतखाब, हरविन्दर सहित करीब 10 लोग खड़े हुए थे। वे सभी लोग बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान नवाबगंज की तरफ से तेज रफ्तार पिकअप अचानक से उन लोगों को टक्कर मारते हुए नियंत्रण खो बैठी।

## राहुल ने पूनम को दिया सहारा, भाजपा नेता प्रीति की टिप्पणी के बाद शुरू हुई राजनीति

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अभिनेत्री पूनम कौर और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें दोनों एक दूसरे का हाथ पकड़े नजर आ रहे हैं। अब इस तस्वीर को लेकर सियासत शुरू हो गई है। भारत जोड़ो यात्रा में अभिनेत्री पूनम कौर ने राहुल गांधी के साथ हिस्सा लिया। कर्नाटक भाजपा की नेता प्रीति गांधी ने राहुल गांधी की अभिनेत्री पूनम कौर का हाथ पकड़े तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर को प्रीति गांधी ने लिखा, अपने परदादा के पदचिन्हों पर चलते हुए! प्रीति गांधी के पोस्ट के बाद वार-पलटवार का सिलसिला तेज हो गया। पूनम कौर ने प्रीति गांधी का जवाब देते हुए लिखा कि यह बिल्कुल आप अपमान कर रही हैं, याद रखें प्रधानमंत्री नारी शक्ति के बारे में बात करते हैं। मैं फिसल गई और लगभग गिरने ही वाली थी, इस तरह राहुल सर ने मेरा हाथ पकड़ लिया। उन्होंने राहुल गांधी के लिए लिखा, थैंक यू सर। पूनम कौर की प्रतिक्रिया के बाद प्रीति गांधी की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस पर यूजर्स ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं कीं। कांग्रेस ने भी उन्हें निशाने पर लिया और एक महिला होकर भी एक दूसरी महिला का मजाक बनाने और उसे बदनाम करने जैसे आरोपों पर घिर गईं। उल्लेखनीय है कि पूनम कौर तमिल और तेलुगु फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री हैं।



## मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर चीन जाएंगे पीएम शहबाज, 5 प्रोजेक्टों में विलंब पर करेंगे चर्चा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सीपीइसी) पर चर्चा के दौरान अपनी पांच महत्वपूर्ण बिजली और रेल परियोजनाओं में चल रही देरी का मुद्दा उठाया। सीपीइसी की 11वीं संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की बैठक में पाकिस्तान ने चीन से 18.5 अरब डालर की 5 परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने का आग्रह किया। पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसान इकबाल ने आशंका व्यक्त की कि किसी भी तरह की देरी से देश में एक साल में रेल व्यवस्था चरमरा जाएगी और 3,100 मेगावाट बिजली उत्पादन में देरी होगी। हालांकि, बैठक के बाद कोई घोषणा नहीं की गई थी जिसमें 8 साल पहले सहमत योजनाओं के निष्पादन में चूक गए अवसरों और लंबे समय तक देरी पर चर्चा की गई थी। इस्लामाबाद ने जिन 5 परियोजनाओं पर काम में तेजी लाने के लिए चीन से अनुरोध किया है, उनमें 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मेनलाइन-ढ्ढ रेलवे परियोजना, 1.2 बिलियन अमेरिकी डालर की कराची सर्कुलर रेलवे परियोजना, 1.6 बिलियन अमेरिकी डालर की आजाद पट्टन जलविद्युत परियोजना, 2.5 बिलियन अमेरिकी डालर की कोहाला बिजली परियोजना शामिल हैं। इन परियोजनाओं को दोनों पक्षों की ओर से बाधाओं के कारण देरी का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान ने चीन से 584 मिलियन अमरीकी डालर के ग्वादर बिजली संयंत्र के स्थानांतरण के इस्लामाबाद के अनुरोध पर विचार करने को कहा। योजना मंत्री ने अपने विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) को विकसित करने के लिए चीनी अनुभव के लाभों को प्राप्त करने में पाकिस्तान की विफलता पर भी विचार किया। मंत्री ने कहा, सरकार ने 11वें जेसीसी के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं और परिणाम के बारे में औपचारिक घोषणा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की चीन यात्रा के दौरान की जाएगी। पीएम 1 नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। 18.8 अरब अमेरिकी डालर की कम से कम 28 चीनी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, लेकिन अभी भी 34 अरब अमेरिकी डालर की योजनाएं पूरी होनी बाकी हैं।

## फारूक अबदुल्ला बोला- 1990 के दशक में घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन से पहले हम साथ थे, फिर ...

**श्रीनगर।** घाटी में कश्मीरी पंडितों के पलायन को लेकर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि वह केंद्र-शासित प्रदेश में शांति लौटने की कामना करते हैं, ताकि सभी समुदाय बिना किसी डर के रह सकें। 1990 के दशक में घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन से पहले तत्कालीन राज्य में मौजूद सांप्रदायिक सौहार्द को याद करते हुए उन्होंने कहा कि 'एक समय था, जब हम साथ थे और फिर एक लहर आई और हम अलग हो गए।' फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कश्मीरी पंडित समुदाय से जुड़े हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. उपेंद्र कौल की लिखी पुस्तक 'वेन द हार्ट स्पीक्स-मेमॉयर्स ऑफ ए कार्डियोलॉजिस्ट' का विमोचन करने के बाद यह बात कही। इस कार्यक्रम में नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी शामिल हुए। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें यह पुस्तक बहुच दिलचस्प लगी। उन्होंने कहा कि इसमें डॉ. कौल की जीवन यात्रा के साथ ही घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन से पहले मौजूद सांप्रदायिक सौहार्द के बारे में जानकारी दी गई है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीरी पंडितों के पलायन के समय कश्मीरी मुसलमान मूकदर्शक बने हुए थे, क्योंकि वे खुद डरे हुए थे। उन्होंने कहा कि 'वे संबंध अभी तक बहाल नहीं हुए हैं। कब बहाल होंगे, मुझे नहीं पता। हम उन दिनों के लौटने की प्रार्थना करते हैं, जब हम सभी बिना किसी डर के घाटी में रहते थे।' इससे पहले केंद्र शासित राज्य जम्मू और कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की टारगेट किलिंग के मामलों के बढ़ने पर चिंता जाहिर करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि 'अगर सरकार इसे रोकने में विफल रहती है तो कश्मीर 100 प्रतिशत हिंदू-विहीन हो जाएगा।



## इराक : बगदाद में फुटबॉल स्टेडियम के पास भीषण धमाका, 10 की मौत, 20 से अधिक घायल

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में एक फुटबॉल स्टेडियम के पास गैस टैंकर में हुए भीषण धमाके में 10 लोगों की जान चली गई, जबकि 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद टैंकर के टुकड़े आसपास की रिहाइशी इमारतों और फुटबॉल मैदान में जा गिरे। अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर कहा कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट तकनीकी खामी के कारण हुआ या फिर यह निशाना बनाकर किया गया हमला था। यह विस्फोट इराक की संसद द्वारा लंबे समय से प्रतीक्षित मतदान के जरिये एक नए मंत्रिमंडल को मंजूरी दिए जाने के दो दिन बाद हुआ, जिसे देश में जारी राजनीतिक तनाव को कम करने की दिशा में एक बड़ी सफलता करार दिया गया था। प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सौदानी की अध्यक्षता वाला यह मंत्रिमंडल 2005 के बाद देश का पहला ऐसा मंत्रिमंडल है, जिसमें प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र के समूह के सदस्य शामिल नहीं हैं। अक्टूबर 2019 में इराक ने बगदाद और अन्य हिस्सों में बड़े पैमाने पर हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के मद्देनजर 2021 में समय पूर्व चुनाव कराए थे। प्रदर्शनकारियों ने 2003 के अमेरिकी आक्रमण के बाद देश में स्थापित राजनीतिक व्यवस्था को बदलने की मांग को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किए थे। उक्त घटना में घायल लोग अधिकतर स्टेडियम में फुटबॉल खेल रहे थे। वहीं घटना में घायल हुए लोगों को पास के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है।



## तमिलनाडु में 2 नवंबर तक भारी बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य से अधिक बारिश हुई और ये ज्यादा समय तक रुका भी रहा। जून से सितंबर के 4 माह के दौरान मानसून से तमिलनाडु में 45 फीसदी अधिक बारिश हुई। जबकि अब तमिलनाडु में पूर्वोत्तर मानसून ने दस्तक दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बंगाल की खाड़ी और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के ऊपर उत्तर-पूर्वी मानसून की बारिश शुरू होने की बात कही है। अगले कई दिनों तक और संभवतः आगे भी दक्षिण भारत के कई हिस्सों में बारिश जारी रहेगी।

आईएमडी ने 2 नवंबर तक पूरे तमिलनाडु में छिटपुट से लेकर भारी बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने का अनुमान जारी किया है। आईएमडी ने इस दौरान तमिलनाडु सहित कई जगहों पर येलो अलर्ट जारी किया है। एक एडवाइजरी में विशेष रूप से राज्य के उत्तरी हिस्से में रहने वालों से निवासियों से स्थानीय मौसम की स्थिति के बारे में 'सचेत' रहने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा अगले हफ्ते बहुत भारी बारिश की संभावना के कारण आईएमडी के चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम केंद्र ने सोमवार और मंगलवार को तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और रानीपेट जिलों में मौसम के खराब होने की आशंका के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मंगलवार के लिए वेल्लोर और तिरुप्पत्तूर जिले में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के मुताबिक तमिलनाडु को अपनी वार्षिक वर्षा का कम से कम 48 फीसदी (औसतन) पूर्वोत्तर मानसून से हासिल होता है, जो आमतौर पर अक्टूबर से दिसंबर तक रहता है। इसकी तुलना में, इसकी वार्षिक वर्षा का केवल 36 प्रतिशत ही दक्षिण-पश्चिम मानसून से मिलता है। इसलिए राज्य की कृषि गतिविधियों और जलाशय प्रबंधन पर इसका बड़ा असर पड़ता है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार (30 अक्टूबर) को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और केरल और माहे में अलग-अलग जगहों पर भारी वर्षा होगी।



## सोमालिया- राजधानी मोगादिशु में दो कारों में बम ब्लास्ट, 100 की जान गई, 300 लोग घायल

**मोगादिशु।**

सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में 2 अलग-अलग कारों में जोरदार बम धमाके में 100 लोगों की जान चली गई। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख ने स्थानीय सोमाली केबल टीवी से बातचीत में बताया कि विस्फोट में अब तक मरने वालों की संख्या लगभग 100 है और 300 से ?अधिक घायल हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दो कार बम विस्फोटों ने सोमालिया के शिक्षा मंत्रालय की इमारत को निशाना बनाया। एक स्थानीय नागरिक ने कहा, 'दो कार बमों ने के5 स्ट्रीट के किनारे शिक्षा मंत्रालय की इमारत को निशाना बनाया।' मंत्रालय की रखवाली करने वाले एक पुलिस अधिकारी, जिसने अपना नाम हसन बताया, ने बताया कि उसने विस्फोट के तुरंत बाद कम से कम 12 शव देखे और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल पड़े थे। बम विस्फोट के दृश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं और विस्फोट के बाद मोगादिशु शहर के ऊपर बादल उठते दिख रहे हैं। अन्य वीडियो में धमाके वाली जगह के आस-पास और दूर-दराज के घरों के शीशे टूटे हुए दिखाई दे रहे हैं। आतंकवादी संगठन अल-शबाब के इस बम धमाके के पीछे होने की सूचना है, जो सोमालियाई सरकार के खिलाफ हिंसक, सशस्त्र लड़ाई लड़ रहा है। सोमाली सुरक्षाबलों का कहना है कि उन्होंने हाल के हफ्तों में स्थानीय आत्मरक्षा समूहों के साथ लड़ते हुए अल-शबाब के खिलाफ युद्ध के मैदान में बढ़त हासिल की है, लेकिन इस आतंकी समूह ने घातक हमले करना जारी रखा है।

पुलिस प्रवक्ता सादिक दूदीश ने कहा, 'दोपहर दो बजे अल-शबाब के आतंकवादियों ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित नागरिकों को निशाना बनाते हुए दो विस्फोट किए।' इससे पहले किस्मायू में सोमवार को 9 लोग आतंकियों के शिकार बने थे। सुरक्षाबलों ने उन्हें मार गिराया था। बंदरगाह शहर के तवाकल होटल के गेट में विस्फोटकों से लदे एक वाहन के टकराने के बाद गोलियां चलीं। जुबलैंड के सुरक्षा मंत्री युसुफ हुसैन धूमल ने रॉयटर्स को बताया, 'विस्फोट में छात्रों और नागरिकों सहित नौ लोग मारे गए और 47 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।'



न्यूज़ ट्रैक....

## प्रशंसक ने ऋषभ को पारी शुरु करने कहा

**मेलबोर्न** । पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन के कारण टीम इंडिया के अंतिम ग्यारह में जगह नहीं बना पा रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आजकल अपने प्रशंसकों से भी सलाह ले रहे हैं। टी20 विश्व कप में अभी तक हुए दोनो ही मैच में उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली है। उनकी जगह अनुभवी दिनेश कार्तिक टीम में शामिल किये गये हैं। वहीं ऋषभ को एक प्रशंसक ने पारी शुरु करने को कहा है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। वहीं पिछले दो मैचों को देखा जाए तो टीम के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल विफल रहे हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि राहुल की जगह ऋषभ को अवसर मिल सकता है। दोनो ही मैच जीतने के कारण भारतीय टीक के सेमीफाइनल की राह आसान हो गयी है। ऐसे में टीम सलामी बल्लेबाज के रुप में ऋषभ को भी उतार सकती है। पर्थ में ऋषभ पंत ने अभ्यास के दौरान प्रशंसक के साथ सेल्फी ली और ऑटोग्राफ भी दिया। इस दौरान प्रशंसक ने उन्हें पारी शुरु करने को कहा।

## इंग्लिश कप्तान जोस बटलर को सेमीफाइलन में पहुंचने की पूरी उम्मीद

**मेलबर्न** । आयरलैंड के हाथों डकवर्थ लुईस पद्धति से हार और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बारिश के कारण मैच धुलने के बावजूद इंग्लिश कप्तान जोस बटलर को उम्मीद है कि उनकी टीम टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल होगी। इंग्लैंड ने सुपर 12 के चरण में केवल अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज की है। उसका सामना अब न्यूजीलैंड और श्रीलंका से होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया को आयरलैंड और अफगानिस्तान जैसी अपेक्षाकृत कमजोर टीमों का सामना करना है। बटलर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद कहा,''देखिए जब तक कुछ ऐसा न हो जो हमारे नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो, तब तक हमें कोई चिंता नहीं है। हम जानते हैं कि अभी हमें दो मैच खेलने हैं। हम इन दोनों मैचों में जीत दर्ज करना चाहते हैं और खुद को सेमीफाइनल में पहुंचने की सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखना चाहते हैं।% ग्रुप एक से अभी सभी छह टीमें सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं। न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया चारों टीम के तीन-तीन अंक है, जबकि श्रीलंका और अफगानिस्तान के दो-दो अंक हैं। बटलर ने कहा, ''हम जानते हैं कि हमें अगले दौर में पहुंचने की अपनी संभावना जीवंत रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## हम्पी का सेमीफाइनल में पहुंचाना तय

**मोंटी कार्लो** । मोनोको फीडे महिला कैंडिडैट शतरंज टूर्नामेंट के पूल ए में भारत की शीर्ष खिलाड़ी ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी ने उक्रेन की एना मुजयचूक के खिलाफ क्वाटर फाइनल के तीसरे मुाबले में बाजी ड्रॉ खेलकर 2-1 से बत बना ली है और अब अगर अंतिम राउंड मे काले मोहरो से वह बाजी ड्रॉ भी खेलती है, तब भी उनका सेमी फाइनल पहुँचना तय है। वहीं अगर एना को वापसी करनी है, तब एन को हर हाल में अंतिम मैंच जीतना होगा और तभी मैच टाईब्रेक तक पहुंचेगा। तीसरे राउंड में सफेद मोहरो से खेल रही हम्पी ने शुरुआत से ही वजीर की अदला बदली करते हुए एंडगेम की तरफ खेल को मोड़ दिया और काफी कोशिश के बाद भी एना कोई बढ़त हासिल नहीं कर सकी और 42 चालों बाद अंततः दोनों खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गई। अब अंतिम राउंड में एना के पास सफेद मोहरो से एक आक्रामक खेल की उम्मीद होगी, क्योंकि उनके पास जीतने के सिवाय कोई चारा नहीं है।

# भारत-पाक मुकाबला टी20 विश्व कप के सबसे रोमांचक मुकाबलों में पहले स्थान पर

**दुबई** । अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया में जारी आईसीसी टी20 विश्व कप के पांच सबसे रोमांचक मुकाबलों को घोषणा कर दी है। इसमें पहले नंबर पर भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ महामुकाबला रहा जिसमें भारतीय टीम ने अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। इस मैच में भारतीय टीम ने विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत बेहद कठिन हालातों में जीत दर्ज की। भारतीय टीम के 4 विकेट शुरुआत में ही गिर गये थे। इसके बाद विराट कोहली और हार्दिक पांड्या ने टीम को संभाला और उसे लक्ष्य की ओर ले गये। एक मैच में पाक टीम बेहद अच्छी स्थिति में थी पर हार्दिक और विराट मैच निकाल ले गये। वही दूसरे नंबर पर पाकिस्तान और जिम्बाब्वे का मुकाबला रहा। इस मैच में पाकिस्तान को अंतिम गेंद पर 3 रनों की जरूरत थी पर बल्लेबाजी कर रहे शाहीन शाह अफरीदी एक रन ही बना पाये। इस प्रकार जिम्बाब्वे को जीत मिल गयी। वहीं तीसरे नंबर पर स्कॉटलैंड और आयरलैंड का मुकाबला रहा। इस मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए 177 रनों का लक्ष्य मिला था। ऐसे में शुरुआती विकेट गिरने के बाद भी कर्टिस कैम्फर एक छोर पर जमे रहे और उन्होंने 72 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। वहीं चौथे नंबर पर यूएई और नीदरलैंड के बीच हुए मैच को रखा गया है। इस मुकाबले में यूएई ने नीदरलैंड को 112 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके बाद नीदरलैंड की टीम ने कड़े मुकाबले के बाद अंत में 1 गेंद पहले इस मुकाबले को जीत लिया था। यह ग्रुप स्टेज का दूसरा मुकाबला था। वहीं आईसीसी ने पांचवे नंबर पर यूएई व नामीबिया के मैच को रखा है। यह ग्रुप 'ए' का अंतिम मैच था। यह दोनों ही टीमें पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थीं पर इस मुकाबले में यूएई की जीत के बाद नीदरलैंड ने क्वालीफाई कर लिया।



## अमित मिश्रा के ट्वीट से भड़के पाक क्रिकेट फैंस,

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा के एक ट्वीट पर पाकिस्तान के कुछ लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गुरुवार को पाकिस्तान की ज़िम्बाब्वे के हाथों हार से पाकिस्तानी फैंस बुरी तरह नाराज हैं। ऐसे में अमित मिश्रा के एक ट्वीट ने उनका पारा और चढ़ा दिया है। उन्होंने ट्वीट किया कि पाकिस्तान को तो हारना ही था और इसे उलटफेर नहीं कहना चाहिए। अमित मिश्रा ने ट्विटर पर लिखा यह कोई उलटफेर नहीं है। मुक़ाबले में पूरे समय ज़िम्बाब्वे ही जीत रहा था। पड़ोसियों के लिए बुरा दिन। उनके इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर उनके इस बयान से कई पाकिस्तानी भड़क गए और उन्हें तीखा जवाब देने लगे। यहां तक की ट्रोल भी करने लगे। अमित मिश्रा ट्विटर पर एक्टिव रहते हैं और लगातार ट्वीट करते रहते हैं।

# चैपल ने विराट को संपूर्ण भारतीय बल्लेबाज बताया



**सिडनी** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारतीय टीम के कोच रहे ग्रेग चैपल ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। चैपल ने कह कि विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ जो पारी खेली थी उसका जवाब नहीं है। यह पारी एक प्रकार से देखा जाये तो ईश्वर के गीत की तरह थी। इससे टी20 क्रिकेट को कलात्मक खेल के रूप में मान्यता मिली है। 82 रनों की इसी पारी के कारण भारतीय टीम को इस मैच में जीत मिली। चैपल ने इस अनुभवी बल्लेबाज को अपने समय का सबसे संपूर्ण भारतीय बल्लेबाज बताया। .चैपल ने लिखा, ''कोहली ने एक ऐसी पारी खेली जो 'ईश्वर के गीत' के करीब थी जैसी टी20 क्रिकेट में कभी नहीं खेली गई।'' इस पूर्व कप्तान ने कहा कोहली की आक्रामक पारी बल्लेबाजी की कला को अगले स्तर तक ले गई और इसने वास्तव में टी20 क्रिकेट को कलात्मक खेल के रूप में मान्यता भी दिलायी है। प्रदान की.

क्रिकेट को चाहने वाले टेस्ट क्रिकेट को पहली वरीयता देते हैं जबकि टी20 प्रारूप में शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी का लक्ष्य होता है। इसमें बल्लेबाज हर गेंद पर बड़ा शॉट लगाना चाहता है। इस मैच में विराट ने पहले पाक गेंदबाजों को हताश किया और फिर उनके खिलाफ जमकर रन बनाये।

उन्होंने कहा,'' यह ऐसी पारी थी जिसमें बल्लेबाजी की कला भी देखने को मिली। मैंने जितनी क्रिकेट देखी है ऐसा कोई नहीं कर पाया।'' यह एक ऐसी पारी भी थी जिसने टी20 क्रिकेट को वैध बना दिया. कोई भी अब टी20 क्रिकेट को केवल मनोरंजन बताकर नकार नहीं सकता है। साथ ही कहा कि बल्लेबाजी की कला से समझौता किए बिना जिस तरह से कोहली ने पाक गेंदबाजों को पीटा। वैसा पहले किसी बल्लेबाज ने नहीं किया।

## विराट के जबर्दस्त फॉर्म से बौखलाए पाकिस्तान के पूर्व कप्तान

टी20 विश्वकप-2022 में भारतीय टीम के अपेक्षित प्रदर्शन से खेलप्रेमी काफी खुश है। विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पहले पहल पाकिस्तान के खिलाफ 82 रनों की नाबाद मैच विनिंग पारी खेली। उसके बाद नीदरलैंड्स के खिलाफ भी मध्यक्रम को मजबूती प्रदान की, और 62 रनों की नाबाद अर्द्धशतकीय पारी खेलकर वापस लौटे। वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान के हालात बेहद खराब हैं। पाकिस्तान बनाम जिम्बाब्वे मुकाबले के बाद पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने ग्रीन टीम की जमकर आलोचना की है।

## पीटरसन का सवाल, टूर्नामेंट बारिश के मौसम में क्यों करवाया जा रहा?

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी20 विश्व कप में प्रशंसक छक्के-चौकों की बरसात से ज्यादा पानी की बरसात देख चुके हैं। अभी तक खेल गए चौदह सुपर-12 स्टेज के मैचों में से 5 मैच किसी न किसी रूप में बारिश से प्रभावित हो चुके हैं। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने इस लेकर ट्वीटर के जरिए सवाल उठाया कि यह टूर्नामेंट इस बारिश के मौसम में क्यों करवाया जा रहा है और यह जनवरी और फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया की शानदार धूप में क्यों नहीं करवाया जा सका? पीटरसन ने ट्वीट किया, यह टी20 विश्व कप जनवरी/फरवरी में शानदार ऑस्ट्रेलियाई धूप में क्यों नहीं खेला जा सका? क्या किसी को पता है? शुक्रवार के दिन बारिश के कारण टी20 विश्व कप के दोनों मैच बिना कोई गेंद फेंके रद्द किए गए थे। इनमें से पहला मैच अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच, जबकि दूसरा मैच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होना था। इस टूर्नामेंट में बारिश के चलते सबसे बड़ा नुकसान इंग्लैंड का हुआ है, जो अपना एक मैच बारिश के कारण डकवर्थ लुईस पद्धति से आयरलैंड को पांच रन से गंवा चुका है और अब टीम का एक अन्य मैच बारिश के कारण रद्द हो गया है। इंग्लैंड इस टूर्नामेंट में अब तक एक ही मैंच अफगानिस्तान के खिलाफ जीत पाया है, जबकि अन्य दोनों मैचों को बारिश के कारण गंवाने से इंग्लैंड टीम का सेमीफाइनल तक पहुंचने का राह काफी मुश्किल हो गया है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 26 अक्टूबर को इंग्लैंड और आयरलैंड का मैच बारिश से प्रभावित रहा।



ऑकलैंड में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच रग्बी महिला विश्वकप क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया।

व्यापारन्यूज

## वाहन कंपनियों के प्रबंधन स्तर के अधिकारियों की अनुपालन समझ कम : रिपोर्ट

**नई दिल्ली** । भारतीय वाहन कंपनियों के महत्वपूर्ण प्रबंधन स्तर के अधिकारियों की अनुपालन प्रतिबद्धताओं को लेकर समझ काफी कम है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कारोबार के आकार के हिसाब से इस तरह के कई कानून और हजारों नियम ऐसे हैं जिनके बारे में प्रबंधन स्तर के अधिकारियों को कम जानकारी है। भारत में एक ही राज्य में काम करने वाली एक छोटी वाहन विनिर्माण कंपनी एक साल में कम से कम 900 एकबारगी और जारी अनुपालनों पर काम करना होता है। जैसे-जैसे कंपनी का भौगोलिक विस्तार होता है, अनुपालनों की संख्या बढ़ जाती है। विनिर्माण इकाइयों के स्थान, विशिष्ट उपकरणों और अंतिम उत्पादों के उपयोग के आधार पर उनके लिए लागू अनुपालन बदलते रहते हैं। भारत में ज्यादातर संगठनों के लिए इन अनुपालनों की निगरानी कर पाना चुनौतीपूर्ण होता है। रिपोर्ट में एक सर्वेक्षण के हवाले से कहा गया है। यह तथ्य सामने आया है कि भारतीय वाहन कंपनियों में प्रमुख प्रबंधन कर्मियों को 80 प्रतिशत से अधिक मामलों में अनुपालन दायित्वों की खराब समझ है। ऐसी स्थिति में वे कारण बताओ नोटिस, वित्तीय जुर्माना और दंड, लाइसेंस रद्द होने और अनुमति वापस लिए जाने में काफी हैरान होते हैं।

## चीनी निर्यात पर लगी रोक एक साल के लिए बढ़ाई

**मुंबई** । केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों पर रोक लगाने के लिए चीनी के निर्यात पर लगी रोक को एक साल के लिए और बढ़ा दी है। इस साल मई में चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया था, जो 31 अक्टूबर, 2022 तक लागू था। एक सर्कुलर में इस सीमा को 31 अक्टूबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया है। सर्कुलर के मुताबिक यह आदेश 31 अक्टूबर, 2023 या अगले आदेश तक, जो भी पहले आए, तक लागू रहेगा। निर्यात का यह प्रतिबंध कच्ची चीनी, रिफाइंड चीनी और सफेद चीनी पर लगाया गया है। 24 मई को सबसे पहले यह प्रतिबंध लागू किया गया था। सरकार की ओर से जारी किए गए इस सर्कुलर में बताया गया है कि यह प्रतिबंध सीएक्सएल और टीआरक्यू कोटा के तहत ईयू और यूएस में भेजी जा रही चीनी पर लागू नहीं होगा। इसी महीने सरकार ने कहा था कि भारतीय निर्यातक 31 दिसंबर तक टीआरक्यू के तहत अमेरिका को चीनी निर्यात कर सकेंगे।

# कंपनी परिणामों और फेड रिजर्व के फैसले से तय होगी बाजार की चाल

### वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़े भी बाजार की दिशा तय करेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की विशेष बैठक, कंपनियों के तिमाही परिणामों और फेड रिजर्व के फैसले से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़े तथा वृहद आर्थिक आंकड़े भी बाजार की दिशा तय करेंगे। विनिर्माण क्षेत्र के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े मंगलवार को जारी होंगे। वहीं सेवा क्षेत्र के आंकड़े गुरुवार को आएंगे। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक, वाहन बिक्री के आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर बाजार की नजर रहेगी। इसके अलावा बाजार की नजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन नवंबर को बुलाई गई विशेष बैठक पर भी होगी। अब दूसरी तिमाही के नतीजों का अंतिम दौर शुरू हो चुका है। ऐसे में सप्ताह के दौरान शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। अक्टूबर के वाहन बिक्री के आंकड़े महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इनसे हमें त्योहारी मांग का पता चलेगा। एमपीसी की विशेष बैठक तीन नवंबर को होगी। रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत से नीचे रखने के लक्ष्य में क्यों विफल रहा है, बैठक में इस पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जनवरी से लगातार तीन तिमाहियों से मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से ऊपर रही है। ऐसे में रिजर्व बैंक को सरकार को रिपोर्ट सौंपकर इसकी वजह बतानी है। गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुवाई वाली छह सदस्यीय समिति मुद्रास्फीति के लक्ष्य को हासिल करने में विफलता के कारकों पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कई कारणों से यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि तिमाही नतीजे अब तेजी पकड़ेंगे। इस दौरान भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, सन फार्मा, हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी, सिप्ला और टाइटन सहित कई अन्य बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों की घोषणा होगी।

# एफपीआई ने इस महीने अब तक शेयर बाजार से 1,586 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली** । विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) की भारतीय शेयर बाजारों से निकासी की रफ्तार अक्टूबर में कुछ कम हुई है। सितंबर में शेयरों से 7,600 करोड़ रुपए की निकासी करने के बाद इस महीने अब तक एफपीआई ने पूंजी बाजारों से 1,586 करोड़ रुपए निकाले हैं। एफपीआई ने अगस्त में 51,200 करोड़ रुपए की लिवाली की थी। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि नवंबर में एफपीआई का प्रवाह काफी हद तक इस आंकड़े के आसपास रहेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने 28 अक्टूबर तक शेयरों से 1,586 करोड़ रुपए की निकासी की है। इस महीने का अभी एक कारोबारी सत्र बचा है। हालांकि, पिछले कुछ दिन के दौरान भारतीय बाजारों में एफपीआई की बिकवाली की रफ्तार धीमी हुई है। उन्होंने कहा कि पूंजी की ऊंची लागत, मौजूदा भू-राजनीतिक संकट की वजह से एफपीआई अक्टूबर में बिकवाल रहे हैं। इससे पहले जुलाई में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में करीब 5,000 करोड़ रुपए डाले थे। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर से लगातार नौ माह तक एफपीआई बिकवाल रहे थे।इस साल अभी तक एफपीआई की निकासी 1.70 लाख करोड़ रुपए पहुंच चुकी है। बाजार विशेषज्ञ कहते हैं कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक तरीके से वृद्धि की संभावना, रुपए में गिरावट, मंदी की आशंका और यूक्रेन-रूस युद्ध की वजह से भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेशकों का प्रवाह नकारात्मक रहेगा। इस परिदृश्य में अनिश्चितता का माहौल बना है जिसकी वजह से निवेशक जोखिम लेने से कतरा रहे हैं। अक्टूबर में शेयरों के अलावा एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार से भी 1,548 करोड़ रुपए निकाले हैं। भारत के अलावा एफपीआई ने फिलिपीन और ताइवान के बाजार से भी पैसे निकाले हैं।

**सितंबर में शेयरों से 7,600 करोड़ रुपए की निकासी की थी**

## सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 90,319 करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली । बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 90,318.74 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 652.7 अंक चढ़ गया। सोमवार को दिवाली के अवसर पर बाजार में एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित किया गया। बुधवार को दिवाली बलिप्रतिपदा पर बाजार बंद रहे थे। समीक्षाधीन सप्ताह में हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर शीर्ष 10 में अन्य सभी कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। इनमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शामिल हैं। बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 36,566.82 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 17,08,932.42 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 11,195.61 करोड़ रुपए बढ़कर 8,12,378.52 करोड़ रुपए रहा। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 10,792.67 करोड़ रुपए बढ़कर 4,54,404.76 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। एसबीआई की बाजार हैसियत 8,879.98 करोड़ रुपए बढ़कर 5,09,372.21 करोड़ रुपए रही। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 8,617.06 करोड़ रुपए बढ़कर 11,57,339.65 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 8,214.27 करोड़ रुपए बढ़कर 4,36,240.27 करोड़ रुपए रही। इन्फोसिस का मूल्यांकन 5,259.92 करोड़ रुपए बढ़कर 6,36,476.13 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक को सप्ताह के दौरान 568.37 करोड़ रुपए का फायदा हुआ और उसका बाजार पूंजीकरण 6,32,832.76 करोड़ रुपए रहा। आईटीसी का मूल्यांकन 224.04 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 4,28,677.66 करोड़ रुपए रहा। इसके विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 30,509.44 करोड़ रुपए घटकर 5,93,318.79 करोड़ रुपए रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई, भारती एयरटेल, एचडीएफसी और आईटीसी का स्थान रहा।

# नगरनार स्टील प्लांट कमीशनिंग की ओर, कोक ओवन बैटरी नंबर वन शुरू

**नगरनार/ भोपाल** । नगरनार स्टील प्लांट को चालू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया जब कोक ओवन बैटरी नंबर 1 से आज दोपहर कोक का पहला बैच प्राप्त हुआ। सोमनाथ नंदी, निदेशक तकनीकी, एनएमडीसी ने बटन दबाकर कोक का निर्वहन शुरू करवाया। सुमित देब, सीएमडी, एनएमडीसी ने अपने बधाई संदेश में इसे ÷एनआईएसपी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन और 3 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र को चालू करने का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर÷ बताया और सभी संबंधितों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, एस नंदी, निदेशक तकनीकी, एनएमडीसी ने कहा, ÷इस्पात संयंत्र को चालू करने की दिशा में यह पहला बड़ा कदम है। आज का विकास प्रेरित करता है और विश्वास भी जगाता है कि हम बस्तर के अपने इस्पात संयंत्र के सपने को जल्द ही पूरा करेंगे। कोक ओवन बैटरी नं.1 के चालू होने से नगरनार स्टील प्लांट में अन्य प्रमुख इकाइयों को चालू करने का क्रम शुरू हो गया है, जो आने वाले महीनों में अंततः थिन स्लैब कॉस्टर की कमीशनिंग में परिणत होगा और हॉट रोल्ड कॉइल्स का प्रोडक्शन प्रारम्भ होगा।


नगरनार स्टील प्लांट एक एकीकृत स्टील प्लांट होने के कारण कई प्रमुख इकाइयों को क्रमिक रूप से चालू करने की आवश्यकता है ताकि उनकी अन्योन्याश्रयता सुचारू रूप से स्थापित हो सके। के प्रवीण कुमार, ईडी इंचार्ज, नगरनार स्टील प्लांट ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ये पर्यावरण के अनुकूल बैटरियां बिना विषैला धुआं छोड़े कोकिंग कोल का उत्पादन करेंगी। उन्होंने अपनी टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह टीम की प्रतिबद्धता का सत्यापन है जो हमें जल्द ही स्टील प्लांट को चालू करने का विश्वास दिलाता है।



लगभग 2000 करोड़ रुपये की लागत से बने कोक ओवन कॉम्प्लेक्स को बीईसी, भिलाई द्वारा निष्पादित किया गया। इस प्रोजेक्ट के लिए यूक्रेन की जिप्रोकोक (जीपीके) और आईएफबी कॉन्कर्ड टेकनोलोजी प्रोवाइडर के रूप में सामने आये ।

कोक ओवन कॉम्प्लेक्स में 2 बैटरी हैं जिनमेंसे आज बैटरी नो. 1 को कमीशन किया गया । बैटरी की ऊंचाई 7 मीटर होती है और हर बैटरी में 67 ओवन हैं और 1 कोक ड्राई कूलिंग प्लांट (सीडीसीपी) हैं जो नाइट्रोजन का उपयोग करके गर्म कोक को ठंडा करेंगे। यह प्रभावी रूप से प्रदूषण से बचाता है और बिजली पैदा करने के लिए गर्मी का उपयोग करने में मदद करता है। यह पहला बैच होने के कारण, कोयले को कोक में बदलने की प्रक्रिया में सामान्य समय अवधि 16 से 18 घंटे की तुलना में लगभग 32 घंटे लगे। कोयले को कोक में बदलने के लिए 1100 डिग्री सेंटीग्रेड पर गरम किया जाता है। इस कोक का उपयोग ब्लास्ट फर्नेस में ईंधन और रेडूसर के रूप में किया जाता है जहां लोह अयस्क को पिघलाया जाता है। नगरनार स्टील प्लांट के कोक ओवन कॉम्प्लेक्स के पूरी तरह से चालू होने पर हर साल 1.76 मिलियन टन मेटलर्जिकल कोक उत्पन्न करने की क्षमता है। नगरनार स्टील प्लांट का दूसरा कोक ओवन इसके बाद शीघ्र ही चालू किया जाएगा, इसके बाद अन्य प्रमुख क्षेत्रों में होगा।

# इस लिए शादी के समय नथ पहनती हैं लड़कियां



भारतीय परंपरा में नथ को बेहद महत्व दिया गया है। कई शेप, स्टाइल और कलर वाली नथ आपको देखने को मिल जाएंगी। भारत में उत्तर से लेकर दक्षिण तक नथ पहनने की परंपरा है। दक्षिण भारतीय परंपरा में लड़कियां शादी के वक्त नाक के दाएं तरफ नथ पहनती हैं। वहीं, उत्तर भारत में लड़कियां नाक के बाएं तरफ नथ पहनती हैं। नथ पहनने के पीछे फैशन के साथ ही धार्मिक और स्वास्थ्य कारण भी हैं। नथ का धार्मिक महत्व तो है ही इसके साथ ही इसे पहनने से स्वास्थ्य लाभ भी होता है।

यह भी कहा जाता है कि नथ पहनकर लड़कियां माता पार्वती के प्रति सम्मान दर्शाती हैं। आयुर्वेद में नथ पहनने के पीछे पीरियड से जुड़ी वजह बताई है। आयुर्वेद में कहा जाता है कि नथ नाक के दाएं या बाएं तरफ जहां पहनी जाती है, उस प्रमुख हिस्से में हुए छेद के जरिए महिलाओं को मासिक धर्म से जुड़ी परेशानियों में राहत मिलती है। शादी के वक्त लड़कियां ज्यादातर सोने का नथ पहनती हैं। हालांकि चांदी के नथ पहनने का प्रचलन भी है। इनदिनों आर्टिफिशियल नथ भी शादी के वक्त पहनी जाती है। आयुर्वेद में स्वर्ण और रजत भस्म को अच्छा माना गया है। इनके शरीर पर स्पर्श से कई तरह की बीमारियों के निदान के बारे में भी बताया गया है। हालांकि, नथ को लेकर कई अंधविश्वास भी जुड़े हुए हैं। जो अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के मुंह से आपको सुनने को मिल जाएंगे।

## इस प्रकार मेंहदी लगेगी खूबसूरत



हमारे देश में मेंहदी लगाना न केवल सोलह श्रृंगार में से एक है बल्कि? इसे शुभ शगुन के तौर पर भी देखा जाता है। भारत में कोई भी खास मौका हो, हाथों में मेंहदी रचाए बिना पूरा नहीं माना जाता। पर मेंहदी तभी खूबसूरत लगती है, जब उसका रंग गहरा हो और यह सही से रचे। मेहंदी का एक खास गहरा लाल रंग होता है जो हाथों पर बेहद खूबसूरत लगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेंहदी लगी तो बहुत अच्छी होती है लेकिन सही से न रचने के कारण खूबसूरत डिजाइन भी खिलकर नहीं आ पाता। ऐसे में आप इन उपायों को अपनाकर गहरी और खूबसूरत मेंहदी रचा सकती हैं। पहले यह तय कर लें कि आपकी मेंहदी का घोल अच्छे से तैयार किया गया हो।

### इन उपायों को अपनाने से गहरी रचेगी मेंहदी

मेंहदी लगाने के बाद धैर्य रखना बहुत जरूरी है। कम से कम पांच से छह घंटे के लिए मेंहदी को हाथों पर रचे रहने दें। इससे मेंहदी का रंग गहरा चढ़ता है। नींबू और चीनी के घोल के इस्तेमाल से भी मेंहदी का रंग गहरा चढ़ता है। दरअसल, इस घोल को लगाने से मेंहदी ज्यादा देर के लिए हाथों में चिपकी रहती है और इससे उसका रंग गहरा हो जाता है। मेंहदी छुड़ाने के लिए पानी का इस्तेमाल न करें। हो सके तो 10 से 12 घंटों तक हाथों पर पानी के इस्तेमाल से बचें। साबुन के इस्तेमाल से दूर ही रहें तो बेहतर होगा। मेंहदी छुड़ाने के बाद सरसों के तेल को हाथों पर मल लें। इन उपायों को अपनाने से मेंहदी का रंग गहरा चढ़ता है।

# इस तरह आप हर उम्र में दिखेंगी सुंदर



एक समय था जब महिलाओं के लिए शादी के कुछ साल बाद तक ही सुंदर दिखना जरूरी समझा जाता था। लेकिन सौंदर्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और बाजार के तेजी से विकास ने इस धारणा को बदल दिया है कि महिलाएं उम्र के एक खास मोड़ तक ही खुद को सुंदर बनाए रख सकती हैं। नई धारणा यह कहती है कि आप हर उम्र में सुंदर दिख सकती हैं। बस जरूरत है तो केवल खुद पर अधिक ध्यान देने की।

### किशोरियों के लिए

- यह लड़कियों की ऐसी उम्र होती है, जब बाहर की दुनिया में लड़कियों को अपने होने का अहसास होता है। यही वह उम्र भी है जब लड़कियों में शारीरिक बदलाव आते हैं और वे बहुत सारी बातों को जानना और समझना चाहती हैं। और साथ ही वे चाहती हैं खुद सुंदर और सुंदर दिखना। इस उम्र में ही लड़कियों को मुंहासों की परेशानी का भी सामना करना पड़ता है।
- नीम की दो-तीन पत्तियों को सुबह खाली पेट खाने से खून साफ होता है, जिससे मुंहासे नहीं होते।
- गुलाब जल में मुल्तानी मिट्टी और चंदन पाउडर मिला कर लगाने से चेहरे पर ग्लो आता है।
- मुंहासे ठीक करने के लिए जायफल को दूध में मिला कर चेहरे पर लगाएं।
- सबसे पहले अपने चेहरे के प्रकार को पहचानें, त्वचा रूखी, तैलीय, सामान्य तीन तरह की होती हैं। हर त्वचा की देखभाल के तरीके अलग होते हैं। तैलीय त्वचा पर मुंहासों की समस्या ज्यादा होती है। ऐसे चेहरे को गुनगुने पानी से दिन में दो-तीन बार धोएं और एन्टीबैक्टीरियल साबुन का प्रयोग करें। इस उम्र में त्वचा नाजुक होती है इसलिए फेशियल न करवाएं, चेहरे की सफाई पर ज्यादा ध्यान दें।
- दिन में 8-10 ग्लास पानी जरूर पिएं। घूप में सनस्क्रीन प्रयोग करें।
- मुंहासों को फोड़े नहीं, वरना इनके गहरे निशान पड़ जाते हैं, जो आपके चेहरे पर लम्बे समय तक नहीं जाते।
- कम से कम मेकअप करें।

### बीस से तीन की उम्र

- यह वह उम्र होती है, जब लड़कियों का बाहर की दुनिया से संपर्क बढ़ता है। वे पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ डेटिंग और घूमने फिरने के शौक भी पूरे करती हैं। जाहिर है, इस उम्र में लड़कियों को सुंदर लगने की सबसे ज्यादा जरूरत महसूस होती है। वे बदलते फैशन के अनुसार खुद को बदलना चाहती हैं इस समय खूबसूरती के लिए यह उपाय करें।
- अगर आपके चेहरे पर ज्यादा पसीना आता है तो मेकअप से पहले चेहरे पर बर्फ के टुकड़े से मसाज करें।
- कैलामाइन और चंदन पाउडर को गुलाब जल में मिला कर लगाएं।
- मेकअप उतारने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल करें।
- रात को सोने से पहले सारा मेकअप उतार दें और कॉटन से चेहरे पर गुलाब जल लगाएं। इससे आपके चेहरे के रोम छिद्र बंद नही होंगे।

### इस प्रकार करें मेकअप

- हमेशा अपने चेहरे के कॉम्पलेक्शन के हिसाब से फाउंडेशन चुनें।
- चेहरे पर अच्छी कम्पनियों के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।
- मेकअप से चेहरे के सबसे अच्छे फीचर को हाईलाइट करें।
- बरसात के मौसम में वॉटर प्रूफ मेकअप करें और नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।
- महीने में एक बार फेशियल जरूर करवाएं।

### तीस के बाद करें सादा मेकअप

- यह लड़कियों की वह उम्र होती है, जब उनकी शादी हो चुकी होती है। और शादी के दो-तीन साल तो वह सुंदरता पर खास ध्यान देती हैं, लेकिन धीरे-धीरे सजने-संवरने की उनकी आदत कम होती जाती है। लिहाजा इस उम्र में महिलाओं के चेहरे पर बढ़ती उम्र के लक्षण दिखने लगते हैं। चेहरे पर हल्की लकीरें उभरना, छोटे-छोटे काले धब्बे होना, झुर्रियां और झाइयां पड़ना शुरू हो जाती हैं। चेहरे में आ रहे इन बदलावों को नजरअंदाज न करें। यह वो उम्र होती है, जब आप अपनी बढ़ती उम्र को रोक सकती हैं।
- बहुत से स्किन स्पेशलिस्ट ये सलाह देते हैं कि झुर्रियों की शुरुआत में ही उनकी रोकथाम कर ली जाए तो उन्हें बढ़ने से रोका जा सकता है।

### इस प्रकार बढ़ती उम्र में भी रहे स्टायलिश

- सबसे पहले अपने खाने-पीने की आदतों में बदलाव लाएं। बढ़ती उम्र में अंदरूनी खूबसूरती पर ध्यान दें।
- खाने में विटामिन और कैल्शियम वाली चीजों की मात्र बढ़ा दें।
- आंखों के आस-पास उभरने वाली मरीन रेखाओं पर अच्छी आईक्रीम लगाएं।

### इस प्रकार के उपाय करें

- केले में शहद मिलाकर चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगाएं, फिर गुनगुने पानी सें धोएं। इससे झुर्रियों का आना कम होता है।
- त्वचा को मुलायम बनाने के लिए पपीते के गूदे को चेहरे पर लगाएं।
- चेहरे पर साबुन का प्रयोग न करें। बेसन और दही के मिश्रण से चेहरा साफ करें।
- चालीस की उम्र पार करते ही मानो महिलाओं की दुनिया बहुत सीमित हो जाती है। इस उम्र में बच्चों बड़े हो रहे होते हैं और ऐसे में महिलाओं को लगता है कि अब किसके लिए सजना है।



# इस प्रकार वजन घटा सकतीं हैं आप

आजकल हमें अपनी सेहत पर ध्यान देने का वक्त ही नहीं मिलता। इस वजह से ज्यादातर महिलाएं मोटापे का शिकार बन जाती हैं। मोटापा सबसे ज्यादा हमारे पेट पर नजर आता है। यह स्वास्थ्य के लिए खराब तो है ही, देखने में भी काफी बुरा कगता है।

मोटापे के बड़े कारणों में खाने-पीने की आदतों में बदलाव न कर पाना और एक्सरसाइज के लिए समय न निकाल पाना है। हमारा अस्त-व्यस्त रुटीन हमारी इस परेशानी की सबसे बड़ी वजह है।

अगर आपके पास भी समय नहीं है तो परेशान ना हों , क्योंकि आज हम आपको बता रहें कि डाइटिंग और एक्सरसाइज किए बिना आप किस तरह अपने वजन को कम कर सकते हैं। आपको बस अपनी कुछ आदतों में सुधार करने की जरूरत है।

### सोने का सही तरीका

सोने का तरीका हमारी बहुत सी परेशानियों को दूर करने में मददगार होता है। सामान्य रूप से एक शख्स को सात से आठ घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। आज के समय में बेहद व्यस्त दिनचर्या के चलते ज्यादातर लोग पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं और ये भी मोटापे की एक प्रमुख वजह है।

### सोडा पीने की जगह पानी अपनाएं

- अगर आपको सोडा और दूसरे सॉफ्ट ड्रिंक पीना पसंद है तो यह आपके मोटापे की प्रमुख वजह हो सकता है। इन पेय-पदार्थों में पर्याप्त मात्रा में कैलोरी होती है जिससे वजन बढ़ना तय है। तो ऐसे में अब अगर आपको जब भी प्यास लगे तो सॉफ्ट ड्रिंक की जगह सादा पानी पिएं।
- अगर आपको अपना बढ़ा हुआ पेट अजीब नजर आने लगा है तो आज से सीधे खड़े होने की आदत डाल लीजिए। बेली फैट को कम करने के लिए यह सबसे सही पोश्चर है। यह बात कई शोधों में भी साबित हो चुकी है।
- अगर आप बैठे हैं तो कोशिश कीजिए कि घुटनों को मोड़कर 30 सेंकेंड्स के लिए सांस अंदर खींचकर बैठें। अगर आप दिन में पांच से छह बार भी ऐसा कर लेते हैं तो कुछ ही दिनों में आपको परिणाम नजर आने लग जाएंगे.

# लिप सर्जरी करा रही हैं तो ध्यान रखें ये बातें



सुंदर होंठ सभी लड़कियों की पहली पसंद होती है। इससे चेहरे की सुंदरता और भी बढ़ जाती है पर कुछ लड़कियों के होंठ बहुत पतले होते हैं जिसके लिए वे प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेती हैं। सर्जरी से होंठों को बेहतर लुक दिया जा सकता है पर ध्यान रहे कि लिप सर्जरी (होंठ को सर्जरी से निखारना) बहुत ही दर्दभरा होता है और अगर सर्जरी के बाद सावधानियां न बरती जाएं तो इससे नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में सब लोगों को लिप सर्जरी के बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

### सर्जरी के प्रकार

लिप सर्जरी दो तरह की होती है- स्थायी और अस्थायी। अस्थायी सर्जरी में इंजैक्शन की मदद से होंठों में आर्टिफिशयल फिलर भरकर उभार लाया जाता है जो 5-6 महीनों तक ही रहता है और उसके बाद होंठ अपनी पहले वाली शेप में आ जाते हैं। वहीं स्थायी सर्जरी में इम्प्लांट, लिप लिफ्ट और वेरमिलीअन एंडवांसमेंट करवाया जाता है।

### सर्जरी के तरीके

#### फैट ट्रांसफर इंजैक्ट

इसमें शरीर के किसी हिस्स से वसा लेकर होंठों में इंजैक्ट की जाती है जिससे होंठ भरे हुए लगते हैं।

#### वेरमिल्लियन एडवांसमेंट सर्जरी

इस सर्जरी में होंठों के किनारों को ऊपर की तरफ खींच कर उन्हें चौड़ा किया जाता है। इससे लिप्स ज्यादा पाउटी नजर आते हैं और इससे चेहरे की लुक भी बदल जाती है।

#### लिप इम्प्लांट सर्जरी

यह मुंह के अंदर से की जाने वाली सर्जरी है और यह स्थायी-अस्थायी दोनों तरीकों से होती है। इसमें मुंह के अंदर से इंप्लांटेशन की जाती है जिससे एक खूबसूरत मुस्कान मिलती है।

#### लिप लिफ्ट सर्जरी

लटके हुए और ढीले होंठों को सही शेप देने के लिए यह सर्जरी करवाई जाती है। इसमें होंठों के किनारों को ऊपर उठाने के लिए सर्जरी की जाती है।

### सर्जरी में जोखिम

होंठों में उभार लाने के लिए लड़कियां सर्जरी तो करा लेती हैं लेकिन इनसे होने वाले नुकसान के बारे में नहीं जानती। सर्जरी के दौरान अगर थोड़ी-सी भी लापरवाही बरती जाए तो सूरत खराब हो जाती है।

सर्जरी से कई बार संक्रमण हो जाता है जिससे जान भी जा सकती है। अस्थायी सर्जरी कराने के कुछ महीनों बाद होंठ दोबारा अपने आकार में आ जाते हैं जिससे एक बार फिर से इंजैक्शन लगवाने पड़ते हैं। लिप इंम्प्लांट करवाने के बाद अगर चेहरे की शेप बिगड़ जाए तो इसे इंम्प्लांटेशन को हटाना मुश्किल हो जाता है।

# ये फैशन टिप्स जानती हैं आप

आजकल के जमाने में हर लड़की को कुछ फैशन टिप्स मालूम होनी चाहिये जिससे वह बेहतर तरीके से रह सके। अगर आप अपनी नई जींस को ऑल्टर के लिए दे रही हैं तो टेलर को देने से पहले दो बार जींस को वॉश कर लें, क्योंकि धोने के बाद ज्यादातर जींस सिकुड़ जाती है। पुराने कपड़ों से किसी तरह की गंध आ रही है तो इसके लिए आप बोटल में पानी और वोडका को मिलाकर स्प्रे करें। ध्यान रखें बोटल में एक तिहाई वोडका डालें।



अगर आपके पसंदीदा हैंडबैग पर तेल के दाग लग जाते हैं, तो इसके लिए आप तेल के स्पॉट के ऊपर बेबी पाउडर लगाकर रात भर के लिए छोड़ दें। सुबह तक, दाग गायब हो जाएगा। यदि थोड़ा सा दाग अभी भी रहता है, तब इसी प्रक्रिया को तब तक दोहराएं जब तक कि दाग पूरी तरह से नहीं चला जाता। डायमंड को हमेशा चमकदार बनाए रखने के लिए उसे लिक्विड डिश वॉश से किसी पुराने ब्रश की मदद से साफ करें।

अगर आपके पास कभी स्टोर में जींस ट्राई करने का टाइम नहीं है तो आप अपनी गर्दन से नापकर भी जींस खरीद सकते हैं। इसके लिए आप अपनी गर्दन के चारों ओर जींस की कमर रखें। यदि जींस की कमर आपके गले के पीछे आराम से मिलती है, तो आपकी जींस आपको फिट आएगी। अगर आपके कपड़ो पर लिपस्टिक का दाग लग गया है तो इसे आप बहुत आराम से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको लिपस्टिक के स्पॉट पर हेअर स्प्रे लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ना होगा। इसके बाद आप उस कपड़े को वॉश कर लें।

अगर आपकी फेवरेट ड्रेस पर वैक्स गिर गई है तो इसके लिए आप उस पर वैक्सिंग स्ट्रीप रखें और ऊपर से गर्म प्रेस करें। वैक्स पिघल जाएगी। इसके बाद आप स्ट्रिप को हाथों पर वैक्सिंग की तरह हटाएंगे तो आपकी ड्रेस से वैक्स आसानी से बाहर आ जाएगी।

लेदर शूज से वॉटरमार्क हटाने के लिए, एक कटोरी में ठंडा पानी ले और इसमें सिरके की कुछ बूंद डाले। अब जहां जहां दाग है उन पर मुलायम ब्रश से तब तक स्क्रब करें जब तक दाग हट ना जाएं। अब इसे पूरी रात सूखने दें। अपनी डार्क जींस को धोते समय जब आप उसे आखरी पानी से निकालेंगे तो उस पानी में आधा कप सिरका भी मिला लें। इससे उसकी शेड बरकरार रहेगी। अगर आपक ब्लश या ब्रॉन्जर बैग में टूट गया तो आप इससे लूज पाउडर बना सकती हैं, जो आपकी स्किन से दाग-धब्बों को छुपाने का काम करता है।

## गर्भाव्स्था में रखें खानपान में संयम



गर्भाव्स्था के दौरान खानपान का खास ख्याल रखना पड़ता है। मां के खाने से गर्भ में पल रहा बच्चा सीधे तौर पर प्रभावित होता है, इसलिए डॉक्टर्स खानपान में संयम बरतने की सलाह देते हैं।

**कच्चा पपीता:** इसमें मिनरल्स, कैल्शियम, फाइबर, फ्लेवोनॉइड और कैरोटेनॉयड होता है। यह कोलोन कैंसर से बचाता है पर फिर भी प्रेग्नेंसी में इसे खाने से मना किया जाता है क्योंकि गर्भाव्स्था में पपीता खाने से मिसकैरिज यानी गर्भपात का खतरा रहता है दरअसल, पपीता उन महिलाओं को खाने की सलाह दी जाती है जिनका पीरियड्स समय पर नहीं होता पपीता में लेटेक्स होता है जो यूटेराइन कॉनट्रैक्शन शुरू कर देता है. इसकी वजह से गर्भाव्स्था में समय से पहले ही लेबर पेन शुरू हो सकता है और गर्भपात हो सकता है।

**ज्यादा नमक:** गर्भाव्स्था के दौरान जरूरत से ज्यादा नमक का सेवन ना करें हालांकि सामान्य तौर पर भी डॉक्टर्स कम नमक खाने की सलाह देते हैं। इससे दिल की बीमारियों का खरा बढ़ जाता है लेकिन गर्भाव्स्था में न केवल ब्लड प्रेशर बढ़ता है, बल्कि? चेहरा, हाथ, पैर आदि में सूजन आ सकता है।

**चाइनीज फूड:** इसमें एमएसजी होता है। यानी मोनो सोडियम गूलामेट, जो बच्चे के विकास के लिए हानिकारक है और इसके चलते काई बार जन्म के बाद भी बच्चे में डिफेक्ट्स दिख सकते हैं। इसमें मौजूद सोया सॉस में नमक की भारी मात्रा होती है, जो हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकती है।

**कच्चा अंडा:** गर्भाव्स्था के दौरान कच्चा अंडा न खाने की सलाह दी जाती है। दरअसल, अंडे में सालमोनेला बैक्टीरियम होता है, जिसके कारण फूड प्वॉयजनिंग हो सकता है। गर्भाव्स्था के दौरान महिलाओं की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। इसलिए इस बैक्टीरिया के कारण वो फूड प्वॉयजनिंग की शिकार हो सकती हैं। यहां तक कि सालमोनेला बैक्टीरियम गर्भ में पल रहे बच्चे को सीधे तौर पर प्रभावित करता है।

# मीनोपोज के बाद फिट रहने खानपान में करें बदलाव



### मीनोपोज के बाद के मोटापे को यूं घटाएं

आमतौर पर महिलाएं बेली फैट कम करने के चक्कर में हेल्दी फैट का सेवन करना भी छोड़ देती हैं जो कि गलत है। क्या आप जानते हैं कुछ फैट ऐसे भी होते हैं जिनका सेवन बैली फैट घटाने में मदद कर सकता है। जैसे एवोकैडो, ऑलिव्स, सैल्मन मछली और कोकोनट ऑयल। अध्ययन से पता चला है कि एक महीने के लिए हर सप्ताह तीन बार 28 ग्राम साल्मन मछली खाने से लगभग एक किलो से अधिक वजन घटाया जा सकता है। ऐप्पल साइडर विनेगर (सिरका) आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। सिरका में शामिल एसिडिक एसिड प्रोटीन वजन कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही ग्रीन स्मूदी भी आपका बैली फैट घटाने में मददगार हो सकती है।

मीनोपोज ( माहवारी) बंद होने के बाद बढ़ने वाला बैली फैट कई महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है। ये कोई साधारण फैट नहीं है, जो डाइटिंग और योगा से कम हो जाए! इसलिए इसे जिद्दी फैट भी कहा जाता है। शोधकर्ताओं ने इस वजह को ढूंढ निकाला है कि आखिर मीनोपोज के बाद मोटापा क्यों बढ़ता है? शोधकर्ताओं के मुताबिक, मीनोपोज के बाद एस्ट्रोजन लेवल कम होने से हिप्स और थाईज का फैट लोअर-एब्डॉमन में चला जाता है लेकिन डाइट में बदलाव करके आप शरीर का एक्सट्रा फैट घटा सकते हैं।

## भाजपा के लिए भस्मासुर बने केजरीवाल

सनत जैन

ऐसा लगता है, भारत में हिंदुत्व को ही सत्ता का सच मान लिया गया है। सभी राजनीतिक दल हिंदुत्व के नाम पर अपनी राजनीति कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक कदम आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने नोटों में गणेश जी और लक्ष्मीजी की फोटो छापने की बात कहकर हिंदू मतदाताओं को, अपनी ओर आकर्षित करने में कोर कसर नहीं छोड़ी है। गुजरात राज्य के विधानसभा चुनाव के पूर्व उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के गढ़ गुजरात में जाकर हिंदुत्व का जो कार्ड खेला है। उससे मोदी जी सहित पूरी भाजपा हतप्रभ है। पिछले कुछ वर्षों में हिंदुत्व को लेकर जिस तरह की राजनीति केजरीवाल ने की है, उसका तोड़ भाजपा भी नहीं निकाल पा रही है। गुजरात में बिल्कस बानो के रेप और हत्या के दोषी अपराधियों के मामले में अरविंद केजरीवाल ने चुप्पी साध रखी है। गुजरात में केजरीवाल के टोपी वाले जो पोस्टर लगे थे। उस मामले में भी केजरीवाल ने चुप्पी साध ली। शाहीन बाग़ वाले मामले में भी वह मुसलमानों के पक्ष अथवा खिलाफ कुछ भी नहीं बोले। बौद्ध धर्म की प्रतिज्ञाओं के मामले में केजरीवाल ने अपने ही मंत्री का इस्तीफा ले लिया। कहीं उन्हें हिंदू वोट एवं हिंदू छवि में नुकसान ना हो जाए। यह अलग बात है कि बौद्ध धर्म के शीर्ष नेताओं में इसकी तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। दलित वर्सेस हिंदू का एक नया राजनीतिक खेल शुरू हो गया है। जैसी प्रतिक्रिया बौद्ध धर्म के अनुयायियों में हुई है। उसमें हिंदू और दलितों के बीच में भी बंटवारा स्पष्ट रूप से देखने को मिलने लगा है। ऐसी स्थिति में सुनियोजित रणनीति के तहत अरविंद केजरीवाल ने नोटों में महात्मा गांधी के साथ-साथ लक्ष्मी जी और गणेश जी की फोटो प्रकाशित करने की बात कहकर हिंदुत्व के गढ़ गुजरात में नरेंद्र मोदी और भाजपा को शह और मात के खेल में फंसा दिया है। निश्चित रूप से कहा जाने लगा है, कि भाजपा की बी टीम आम आदमी पार्टी थी। दिल्ली और पंजाब में मिली सफलता के बाद अब अरविंद केजरीवाल भी महत्वाकांक्षी हो गए हैं। वह मोदी के स्थान पर अपने आप को देखने लगे हैं। वह अपने गुरु मोदी से कई गुना आगे बढ़ गए हैं। जिस तरह की राजनीति वह आत्मविश्वास के साथ करते हैं। उससे पूरी भाजपा चोक्कनी हो गई है। पंजाब विधानसभा चुनाव की जीत के बाद से आम आदमी पार्टी अब भाजपा के लिए मुसीबत बन गई है। पहले अन्य राज्यों में आप वोट कटवा पार्टी के रूप में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाती थी। अब वह सीधे सीधे भाजपा के हिंदुत्व के वोटों में सेंध लगा रही है। वहीं मुसलमानों को लेकर केजरीवाल की जो चुप्पी है। वह मुसलमानों के प्रति आप की सॉफ्ट राजनीति का हिस्सा है। इसको इस तरीके से भी कहा जा सकता है। जब मुसलमानों के पास भाजपा या आम आदमी पार्टी में से किसी एक को चुनने का विकल्प होगा। तो मुस्लिम मतदाता आम आदमी पार्टी को चुनेगा। केजरीवाल एक तरह से भाजपा के लिए भस्मासुर साबित हो रहे हैं। अन्ना आंदोलन में जिस तरह से भाजपा और संजय ने पर्दे के पीछे से मदद की थी। अन्ना आंदोलन से केजरीवाल ने दिल्ली में जगह बनाई। आज उसी भाजपा को केजरीवाल भस्म करने के लिए भस्मासुर के रूप में सामने आ गये हैं। भाजपा अपनी जान बचाकर भागती हुई दिख रही है।

## राष्ट्रीय एकता के हिमायती थे सरदार पटेल

रमेश सर्राफ धमोरा

**(31 अक्टूबर जयन्ती पर विशेष)**



भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। जिस अदम्य उत्साह, असीम शक्ति से उन्होंने एकीकृत देश की प्रारम्भिक कठिनाइयों का समाधान किया। भारत की स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चैथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली।

सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।

गृहमंत्री के रूप में वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतरू नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निर्माता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा।

सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए छः सौ छोटी- बड़ी रियासतों का भारत में विलय कराया। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी।

लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा।

जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं। सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया।

अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया।

## मरने के बाद कहां जाता है इंसान

सभी धर्मों में पुनर्जन्म की बात कही गयी है, यानी एक शरीर को छोड़ने के बाद इंसान दूसरे शरीर में प्रवेश करता है। लेकिन मृत्यु के बाद से पुनर्जन्म लेने तक जीव कहां रहती है यह एक बड़ा सवाल है। भगवान श्री कृष्ण ने भी गीता में कहा है कि आत्मा न तो जन्म लेती है और न मरती है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जीव के मरने के बाद आत्मा कहां जाती है। इसका उत्तर आप जरूर जानना चाहते होंगे। 18 पुराणों में से गरूड़ पुराण ही एक ऐसा पुराण है जिसमें इस प्रश्न का उत्तर दिया गया है। इस पुराण में कहा गया है कि मृत्यु के बाद जीवात्मा को शरीर से निकाल कर ले जाने के लिए दो यमदूत आते हैं। जो व्यक्ति अपने जीवन काल में अच्छे कर्म करते हैं उनकी आत्मा शरीर से आसानी से निकल जाती है। जिनका अपने शरीर से मोह नहीं जाता है और जीवन काल में अच्छे कर्म नहीं करते हैं उन्हें यमदूत जबरदस्ती खींच कर अपने साथ ले जाते हैं। शरीर से निकलने के बाद आत्मा अंगूठे के आकार का बन जाता है। यह दिखने में उसी प्रकार का होता है जैसा मृत व्यक्ति दिखने में होता है। इस आत्मा को लेकर यमदूत यमराज के पास जाते हैं। यहां उसे 24 घंटे रखा जाता है और जीवन काल में उसके द्वारा किये गये अच्छे बुरे कर्मों को दिखाया जाता है। इसके बाद आत्मा को पुन~ उसी स्थान पर लाकर रख दिया जाता है जहां से यमदूत उसे लेकर जाते हैं। 13 दिनों तक इस स्थान पर रहकर आत्मा अपने शरीर का अंतिम संस्कार देखता है। इसके बाद यमदूत उसे अपने साथ लेकर पुन~ यमलोक की ओर चलते हैं। इस रास्ते में आत्मा को यम की भयानक नगरी के दर्शन कराये जाते हैं। इस रास्ते में आत्मा को कई प्रकार की भयानक यतानाएं सहनी पड़ती है। एक साल तक इस रास्ते में चलते हुए जीवात्मा यमलोक पहुंचती है।

## एलन मस्क की चिड़िया आजाद हुई या हाथी उड़ गया

ऋतुपर्ण दवे



बचपन में हममें से बहुतों ने चिड़िया उड़ का खेल खूब खेला है। इस चक्कर में चिड़िया भले ही न उड़ी हो लेकिन हाथी को जरूर उड़ा दिया। बड़ा मजेदार खेल था। लगभग इसी तर्ज पर मालिकाना हक बदलते ही ट्वीटर की चिड़िया के पर आसमान को छूने लगे हैं। दुनिया के सबसे प्रभावशाली सोशल मीडिया मंच ट्वीटर को पूरी स्वतंत्रता देने का दंभ भरने वाले ट्वीटर के नए मालिक एलन मस्क का ऐक्शन कितना कामियाब होगा कहना जल्दबाजी होगी। फिलाहाल नए मालिक के आते हजारों नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है वहीं चिड़िया की आजादी की दुहाई बेमानी लगती है। जहां वो इंसानियत की मदद करने की बात कहते हैं वहीं दूसरी ओर ऐसे सार्वजनिक मंच की बात भी करते हैं जो मानव सभ्यता के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हो। उनकी सोच को लेकर भले ही विश्व से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आएं लेकिन भारत में काफी मायूसी जरूर होगी, होनी भी चाहिए। ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि वो किस तरह से ट्वीटर के जरिए स्वतंत्रता की रक्षा कर पाते हैं। बहरहाल तमाम पेचीदगियों, कानूनी लड़ाई और बहुत मंहगी डील के बाद अब एलन मस्क बतौर मालिक अपना रौब दिखा रहे हैं।

ट्वीटर अमेरिका में ही पहले से खेमेबाजी में बंटा हुआ है। वहां के दक्षिणपंथी आरोप लगाते रहे हैं कि उनकी आवाज दबायी जाती रही। सबने देखा कि जनवरी 2021 में जिस तरह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प के ट्वीटर एकाउण्ट को हिंसा करने वाले उनके समर्थकों को क्रांतिकारी बताने तथा एक अन्य ट्वीट में बाइडेन के शपथ ग्रहण में नहीं जाने के ट्वीट पर कड़ा फैसला ले पहले लॉक किया फिर स्थायी रूप से बन्द कर दिया। ट्वीटर को लाभ के हिसाब से ट्रम्प बेहद फायदेमन्द थे और करीब 9 करोड़ फॉलोअर भी थे। 14 महीने बाद मई 2022 में एलन मस्क के एक बयान ने सबका ध्यान खींचा जिसमें कहा गया कि वो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्विटर अकाउंट के प्रतिबंध को हटाएंगे। उन्होंने ट्रंप के ट्विटर खाते बैन के फैसला नैतिक रूप से गलत बताया था। लेकिन जैसे ही मस्क के ट्वीटर को टेकओवर करने की बातें उजागर हुईं तो ट्रम्प की बधाई और उनके एकाउणाट को रिस्टोर करने के बयान ने भविष्य का रास्ता दिखाने का काम किया जिसमें साफ किया गया कि जो बातें हो रही हैं वो फर्जी है तथा डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से एलन मस्क के ट्विटर को टेकओवर करने को लेकर कोई भी बयान जारी नहीं किया गया है। फैलाया जा रहा बयान फर्जी है। 27 अक्टूबर की जैसे ही ट्वीटर खरीदी समझौता पूरा होते ही एलन मस्क ने सबसे पहले इसके भारतीय मूल के सीईओ पराग अग्रवाल को बाहर कर दिया जो कि अभी साल भर भी कंपनी में नहीं रह पाए थे। वो बीते साल नवंबर में आए थे। सुना तो यहां तक जा रहा है कि ट्विटर के चीफ फाइनेंसियल नेड सीगल और भारतीय मूल के जनरल काउंसल विजया गाड़े को भी बर्खास्त कर दिया है। इसके पीछे चंद महीनों चली कानूनी जंग और मुकदमे बाजी भी है क्योंकि एलन मस्क जून में ट्वीटर पर स्पैम बॉट्स और फर्जी खातों की जानकारी छिपाने और विलय समझौते का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप लगा डील से बाहर हो गए थे। पूरा माजरा जानने के लिए ट्वीटर सौदे की प्रक्रिया को थोड़ा जानना होगा। इसी साल 4 अप्रेल को मस्क ने कहा था कि उनके पास ट्वीटर के 9 प्रतिशत शेयर हैं इसलिए वो सबसे बड़े शेयर होल्डर हैं। जब ट्वीटर ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में शामिल होने का न्यौता दिया गया तो उन्होंने 9 अप्रेल को ठुकरा दिया। 13 अप्रेल को मस्क ने ट्वीटर के 54.2 प्रति शेयर खरीदने का पहला और अंतिम न्यौता दिया जो करीब 40 बिलियन डॉलर था। ट्वीटर इसे मान गया। लेकिन 13 मई को एलन मस्क ने डील यह कह रोक दी कि ट्वीटर में बहुत से फर्जी एकाउण्ट्स हैं और रोबोट्स भी फर्जी एकाउण्ट्स चलाते हैं। यह पूरी जानकारी उन्हें डील फाइनल होने से पहले दी जाए। जानकारी पराग अग्रवाल ने ट्वीटर पर ही एक लंबा थ्रेड जारी कर प्रदान करत हुए देते हुए सफाई भी दी कि फर्जी खातों को कम करने की दिशा में काम जारी है। पराग के जवाब का उन्होंने एक इमोजी के साथ मजाक उड़ाया।

## डर के साए में संघ

**सूडोकु नवताल- 6237**

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल 6236 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

नवीन जैन



आपको अपने को यह पूरी छूट दे सकते हैं कि हर सूरत और मुकाम पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की नीयत में भी खोट निकालने के लिए अपने आवश्यक साधनों को भांजते रहे, लेकिन संघ भी आखिर संघ है, जिससे निकलकर ही नरेंद्र मोदी लगातार दो बार पीएम बने, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपाई ने तीन बार इस पद की शपथ ली, पूर्व डिप्टी पीएम और होम मिनिस्टर लालकृष्ण आडवाणी भी संघ से संस्कारित हुए। इस लिस्ट में कई अन्य बड़े नाम भी हैं। हां, यह बात सही है कि अक्सर लोगों को लगता है कि संघ से बढ़कर कोई पाखंडी या ढोंगी नहीं। इस खेमे के लोग तर्क देते हैं कि संघ जो है वह मात्र दिखावा है, दिखावा। यह संगठन अपने को सिर्फ और सिर्फ सामाजिक एकरूपता का निगाहबान तो घोषित करता है, लेकिन इसके साए में राजनीति करता हैं और वो भी कभी हल्के स्तर पर भी चला जाता रहा है। यही एक ऐसा बिंदु है, जहां जाकर पूरी बात उलझ जाती है। कारण कि समाज को बदलने के नाम पर जो जीवन अर्पित कर देते हैं और जाहिर है वे जैसे समाज की रचना करते हैं, वैसी ही राजनीति बन जाती है। बहरहाल, यह समय संघ के लिए बेहद गाढ़ा, टेढ़ा मेढा, नई नित चुनौती वाला और ऊबड़ खाबड़ माना जा रहा। वैसे भी संघ यदि पिछले कुछ सालों से लगातार अपने को आमूल चूल रूप से बदलने के संकेत दे रहा है, तो सांप्रदायिक एकता के हित में इसे शुभ संकेत ही कहा जाना चाहिए, वर्ना कीजिए दंगे और देश को पीछे ले जाते रहिए। जब अयोध्या में राम लला प्रकरण का सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम फैसला दे दिया तब संघ प्रमुख डा. मोहन भागवत ने आकाश वाणी जैसी बात कही थी। और, वो भी हिंदी के सबसे बड़े अखबार को एक आठ कॉलम का इंटरव्यू देते हुए, जो फैसले के तत्काल बाद छपा। इसमें डा. भागवत ने साफ साफ और बार बार कहा था कि सिर्फ अयोध्या में राम लला की स्थापना के लिए हम राजनीति में आए थे। अब हम तुरंत समाज सेवा के मुख्य दायित्व की तरफ लौट रहे हैं। संघ के स्वयं सेवकों की तादाद एक करोड़ तक बताई जाती है। ये लोग कितनी समाज सेवा कर रहे हैं इसका, तो कोई माप यंत्र हो नहीं सकता, लेकिन कुछ अपवादों को छोड़ दें, तो देश में हिंदू मुस्लिम दंगों की सुर्खियां मीडिया से एक तरह से फरार हैं। इसके बाद लगातार संघ की ओर से बैकफुट पर जाने जैसे बयान आते रहे है। कभी सर संघचालक ने यह कहकर कि तमाम भारतीयों का डी एन ए समान है इसलिए हरेक हिंदुस्तान में रहने वाला बंदा या बंदी पक्का भारतीय है। संघ में ही एक तरह से उत्पात मचा दिया, तो कभी चित्रकुट मंथन में फैसला लिया गया कि अब जल्दी ही मुस्लिम बस्तित्यों में भी संघ अपनी शाखाएं लगाएगा। कुछ दिनों पहले ही डॉक्टर मोहन भागवत दिल्ली की मस्जिद में इमामों से मिल आए और मदरसे में भी गए। इसीलिए भावुकता में ही सही एक इमाम इलियास साहब ने उन्हें राष्ट्र पिता तक कह दिया। अब मध्यप्रदेश में कहा जाए तो संघ ने क्रांतिकारी निर्णय लिया है। मीडिया में छपी खबरों के अनुसार देश के भविष्य की तस्वीर का आकलन करते हुए संघ नई कदमताल में जुट गया है। ऐसी कोई मुहिम संघ के गठन के बाद से शायद ही कभी भूतकाल में चली हो, जबकि पिछले कुछ सालों से कुछ खास कारणों की वजह से संघ की शाखाओं में लगातार कमी आती जा रही थी जिसकी तरफ सबसे पहले पूर्व सरसंघ चालक सुदर्शन जी ने इशारा किया था। अब भोपाल से निकली खबरों में कहा जा रहा है कि नए निर्णय के अनुसार संघ समाज के हर वर्ग और समूह तक पहुंचने की तैयारी के तहत डॉक्टर, इंजीनियर, पत्रकार, अधिवक्ता, साहित्कार, लेखक, प्रबुद्धजन उद्यमियों और युवा किसानों को कवर्ड कैम्पस में लेगा। इस कैम्पस में समाज के अन्य प्रभावशाली वर्गो को भी जोड़ा जाएगा। खास बात यह है कि इन लोगों को संघ की नियमित शाखा में नहीं जाना पड़ेगा। बल्कि, सप्ताह पखवाड़े में समूह में एक बैठक में शामिल होना पड़ेगा। इस बैठक का संचालन या मार्गदर्शन कोई वरिष्ठ स्वयंसेवक या वरिष्ठ पदाधिकारी करेगा।

## भारत विश्व-शक्ति कैसे बने?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत की सरकारों से मेरी शिकायत प्रायः यह रहती है कि वे शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम क्यों नहीं उठाती हैं? अभी तक आजाद भारत में एक भी सरकार ऐसी नहीं आई है, जिसने यह बुनियादी पहल की हो। कांग्रेस और भाजपा सरकारों ने छोटे-मोटे कुछ कदम इस दिशा में जरूर उठाए थे लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले मेरा सोच यह था कि यदि वे प्रधानमंत्री बन गए तो वे जरूर यह क्रांतिकारी काम कर डालेंगे लेकिन यह तभी हो सकता है जबकि हमारे नेता नौकरशाहों की गिरफ्त से बाहर निकलें। फिर भी 2018 से सरकार ने जो आयुष्मान बीमा योजना चालू की है, उससे देश के करोड़ों गरीब लोगों को राहत मिल रही है। यह योजना सराहनीय है लेकिन यह मूलतः राहत की राजनीति है याने मतदाताओं को तुरंत तात्कालिक लाभ दो और बदले में उनसे वोट लो। इसमें कोई बुराई नहीं है लेकिन इस देश का स्वास्थ्य मूल रूप से सुधरे, इसकी कोई तदबीर आज तक सामने नहीं आई है। फिर भी इस योजना से देश के लगभग 40-45 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। वे अपना 5 लाख रू. तक का इलाज मुफ्त करवा सकेंगे। उनके इलाज का पैसा सरकार देगी। अभी तक देश में लगभग 3 करोड़ 60 लाख लोग इस योजना के तहत अपना मुफ्त इलाज करवा चुके हैं। उन पर सरकार ने अब तक 45 हजार करोड़ रु. से ज्यादा खर्च किया है। देश की कुछ राज्य सरकारों ने भी राहत की इस रणनीति को अपना लिया है लेकिन क्या भारत के 140 करोड़ लोगों की स्वास्थ्य-रक्षा और चिकित्सा की भी योजना कोई सरकार लाएगी? इसी प्रकार भारत में जब तक प्रांरभिक से लेकर उच्चतम शिक्षा भारतीय भाषाओं के जरिए नहीं होती है, भारत की गिनती पिछड़े हुए देशों में ही होती रहेगी। जब तक यह मैकाले प्रणाली की गुलामी का ढर्रा भारत में चलता रहेगा, भारत से प्रतिभापलायन होता रहेगा। अंग्रेजीदाँ भारतीय युवजन भागकर विदेशों में नौकरियाँ ढूंढेंगे और अपनी सारी प्रतिभा उन देशों पर लुटा देंगे। भारतमाता टूंगती रह जाएगी। इसका अर्थ यह नहीं कि हमारे बच्चे विदेशी भाषाएं न पढ़ें। उन्हें सुविधा हो कि वे अंग्रेजी के साथ कई अन्य प्रमुख विदेशी भाषाएं भी जरूर पढ़ें लेकिन उनकी पढ़ाई का माध्यम कोई विदेशी भाषा न हो। सारे भारत में किसी भी विदेशी भाषा को पढ़ाई का माध्यम बनाने पर कड़ा प्रतिबंध होना चाहिए। कौन करेगा, यह काम? यह काम वही संसद, वही सरकार और वही प्रधानमंत्री कर सकते हैं, जिनके पास राष्ट्रोन्नति का मौलिक सोच हो और नौकरशाहों की नौकरी न करते हों। जिस दिन यह सोच पैदा होगा, उसी दिन से भारत विश्व-शक्ति बनना शुरु हो जाएगा।

# बम की खबर से महादेव नाका पर मची अफरा-तफरी, बीडीएस टीम ने किया बम डिफ्यूज





### शहर में फैली अफवाह, मॉकड्रिल का पता चला तो लोग सिर खुजाते नजर आए

मुरैना। रविवार की दोपहर 1 बजे के लगभग स्टेशन रोड महादेव नाका चौराहे पर पुलिस द्वारा बम की सूचना दिए जाने से वहां के दुकानदारों राहगीरों व अन्य लोगों में अफरा तफरी मच गई और थोड़ी ही देर में डर के मारे पूरा चौराहा खाली हो गया। लोग दहशत में आ गए तथा पुलिस अधिकारी एवं बीडीएस टीम मौके पर पहुंचकर बम को खोजने में लग गई तथा थोड़ी देर बाद बम को डिफ्यूज किया गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जब बाद में लोगों को मॉकड्रिल का पता चला तो लोग सिर खुजाते नजर आए। पुलिस मुख्यालय के निर्देश के तहत कुछ-कुछ समय के अंतराल पर सभी जिलों की पुलिस द्वारा मॉकड्रिल की जाती है, जिसके तहत भविष्य में होने वाली किसी भी घटना का नाटकीय रूपांतरण पुलिस द्वारा किया जाता है। इसी के तहत रविवार की दोपहर को पुलिस द्वारा महादेव नाका गिर्राज जी मंदिर के पास एक व्यक्ति से लावारिस अवस्था में सूटकेस रखवाया गया। इसकी सूचना पुलिस को मिली, जब पुलिस मौके पर पहुंची तो सूटकेस से आवाज आई, उसके बाद घटना की सूचना थाना प्रभारी स्टेशन रोड आशीष राजपूत द्वारा पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक श्री बागरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह व भारी पुलिस फोर्स के अलावा बीडीएस टीम बज्र वाहन के साथ मौके पर पहुंची। बम की सूचना के बाद पुरा महादेव नाका चौराहा खाली हो गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। थोड़ी देर बाद बीडीएस टीम द्वारा बम को डिफ्यूज किया गया, तब लोगों ने राहत की सांस ली। बम की अफवाह पूरे शहर में आग की तरह फैल गई एवं सोशल मीडिया पर भी खबरें चलने लगी, जिसके बाद लोग एक दूसरे को कॉल लगाकर जानकारी लेते नजर आए। मॉकड्रिल का पता चलने के बाद लोग ठहाके लगाते देखे गए।

### पुजारी मांगने लगा सुरक्षा

जब पुलिस टीम द्वारा बम को लेकर मॉकड्रिल की जा रही थी, तब गिर्राज जी मंदिर का पुजारी घबरा गया और अधिकारियों से बोला साहब मुझे बहुत डर लग रहा है। यहां पर सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था कर दीजिए, तब अधिकारियों ने मुस्कुराते हुए उन्हें पूरी जानकारी बताई, जिसके बाद पुजारी ने राहत की सांस ली।

## श्रीमद् भागवत रूपी ज्ञानयज्ञ का हुआ शुभारंभ, निकाली गई कलश यात्रा

**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह पुष्पांजली टुडे**

**सिरोंज -** रविवार से एलबीएस कॉलेज के पास स्थित चंद्रमोहन सभागार में श्री 1008 कोकिल जी महाराज की सात दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ हुई , वही कथा प्रारंभ होने के पूर्व नगर के प्रमुख मार्गो से विशालतम कलश यात्रा निकाली गई कथा के पहले दिन महाराज जी के द्वारा भागवत का महत्व एवं धुंधकारी गोकर्ण की कथा का विस्तार पूर्वक वाचन किया एवं कथा के दौरान महाराज जी के द्वारा सुंदर एवं मनमोहक भजनों की प्रस्तुति भी दी जाती रही वही कथा के समापन अवसर पर आरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे 7



## बजरंग सेना की बैठक हुई आयोजित

**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह पुष्पांजली टुडे**



**सिरोंज -** बजरंग सेना के द्वारा रविवार को जटाशंकर मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई जिसमें सिरोंज जिला बनाओ एवं गौ माता की दयनीय स्थिति पर चर्चा कर इसके निदान के विषय को लेकर मंथन किया गया इस दौरान बजरंग सेना विधानसभा प्रभारी मनमोहन दुबे, बीरू नायक ,धर्मेंद्र ,राजेश कुशवाह,राकेश , विष्णुकांत शर्मा ,रवि शर्मा उपस्थित रहे 7

## राजपुरोहित समाज ने मनाया स्नेह मिलन

**पुष्पाजंली टुडे**



**मैसूरु.** हुणसूर राजपुरोहित समाज के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह रखा गया द्य सर्वप्रथम धर्मगुरु संत खेतेश्वर दाता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई द्य पश्चात समाज बंधुओं ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित कर मुंह मीठा कराया गया द्य बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित का सम्मान किया गया द्य इस अवसर पर राजपुरोहित समाज मैसूरु के अध्यक्ष हापू सिंह राजपुरोहित, सहसचिव सुरेंद्र सिंह,नारायण सिंह बिलकेरें, बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित, प्रेम सिंह, सुरेंद्र सिंह, चंदन सिंह बारवा, श्रवण सिंह,गजे सिंह,बाबू सिंह, जगदीश सिंह आदि उपस्थित रहे द्य

## पंचमी महोत्सव के अवसर माली समाज ने निकाली शोभायात्रा , अनेक जगह हुआ स्वागत

**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज** - नगर में पांडव पंचमी महोत्सव के अवसर पर रविवार को माली समाज के द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें माली समाज तरुण मंडल द्वारा पांडव पंचमी का त्योहार बडे ही उल्लास के साथ मनाया जाता है। रविवार को भी माली समाज तरुण मंडल सेवा समिति के सदस्य सुबह से ही सक्रिय दिखाई दिए। सुबह 11 बजे कष्टम पथ से चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह में शामिल माली समाज के युवा एंव महिलाएं बडी संख्या में शामिल हुई। जिसमें चल समारोह में शिव पार्वती के स्वरूप भी तैयार किए गए जोकि आकर्षण का केंद्र रहे वही माली समाज के युवा भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। नगर के विभिन्न चैराहों पर माली समाज के चल समारोह का स्वागत किया गया। चल समारोह नगर के कष्टम पथ से होते हुए राज बाजार, पुराना बस स्टैंड तथा हाजीपुर होते हुए बासौदा नाका होते हुए सुभाषनगर हाजीपुर मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई , वही शोभायात्रा का अनेक समाजसेवियों सामाजिक संगठनों एवं धार्मिक संगठन के द्वारा अन्य स्थानों पर स्वागत भी किया गया इस अवसर मालीपुरा स्थित माली समाज के मंदिर में छपपन भोग एंव महाआरती का आयोजन किया गया है। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस अवसर माली समाज के अध्यक्ष के.के माली, सचिन सुमन , विपिन माली, मनोज माली, सतीश माली, पप्पू माली, नरेष सुमन, रिंकू सुमन, दिलीप सुमन, गोलू सुमन, अभिनाष सुमन सहित समस्त माली समाज के सदस्य उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में रविन्द्र सिंह राजपूरोहित को सदस्य नियुक्त किया गया , मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया

### मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर से पहली बार निगम मंडल में सदस्य बनने का मौका मिला

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**पुष्पांजली टुडे**



मैनपुर - छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य शासन के विभिन्न आयोगो, निगम मंडलो, बोर्ड और प्राधिकरणों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य रिक्त पदो पर नियुक्तियां की है जिसमें गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम अमलीपदर से रविन्द्र सिंह राजपूरोहित को छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में सदस्य नियुक्त किया गया गया है। रविंद्र सिंह राजपुरोहित आज शनिवार को देर शाम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया और आशिर्वाद लिया इस दौरान खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन से भी मुलाकात किया कांग्रेस के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र से पहली बार निगम मंडल में सदस्य बनने का मौका मिला है।

## 89 वें दिन भूख हड़ताल पर, अंडर ब्रिज के लिए बैठे रहे नागरिक

**कैलारस।** नगर पालिका क्षेत्र में ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य चल रहा है। नगर के बीचो बीच ऊंची दीवार खड़ी करके ट्रैक डालकर ब्रॉड गेज ट्रेन चलाई जाएगी। इससे कैलारस नगर दो हिस्सों में बंट गया है। लेकिन जो पुरानी मूल बस्ती है उसके आवागमन के लिए एक मात्र अंडर ब्रिज गांधी मार्ग पर रखा गया है। ढाई तीन किलोमीटर के एरिया में इस एक अंडर ब्रिज से 10-15 हजार आबादी का आवागमन किस तरह से संभव होगा। होना तो यह चाहिए था कि बॉडगेज लाइन को नगर के बाहर बड़े गांव से निकालते या ओवरब्रिज बनाकर मेट्रो ट्रेन की तरह निकालते तो ठीक रहता। लेकिन इसमें से किसी तरह के ऑप्शन को रेल विभाग द्वारा नहीं अपनाया गया है। राजनैतिक जनप्रतिनिधि गण उदासीन बने रहे और अभी भी उदासीन है। अब नागरिक गण शासकीय अस्पताल जाने जाने के लिए परंपरागत रास्ते को बहाल रखने, शमशान, कब्रिस्तान के लिए आने जाने के लिए भी रास्ता देने के लिए कृष्ण मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाने के लिए 89 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन सरकार व रेल मंत्रालय के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जनता त्रस्त है, राजनेता मस्त हैं। रविवार को 89वें दिन भी नागरिक गण क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। इससे पहले धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह, तिरंगा यात्रा, ज्ञापन, आवेदन आदि कार्यवाहियां कर चुके हैं। आगे जोरदार सत्याग्रह की तैयारियां चल रही है। 89 वें दिन भूख हड़ताल पर डॉ दशरथ सिंह कुशवाह, गिर्राज जाटव, सलीम खान, मोनू खान आदि बैठे, जिन्हें अनिल सोलंकी द्वारा माल्यार्पण कर भूख हड़ताल/ धरने पर बिठाया गया। उनके साथ धरने पर नरेश जाटव, पप्पू खटीक, संतोष कुशवाहा, अभी पठान, मनीष सोलंकी, अनिल सोलंकी, मिथुन जाटव आदि बैठे। उक्त मांग को लेकर आंदोलन लगातार जारी है।




## "एक्शन प्लान के अन्तर्गत समाधान शिविर सम्पन्न"

**मुरैना।** प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजाराम भारतीय एवं जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री कैलाश शुक्ल के मार्गदर्शन में शनिवार को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा प्रेषित एक्शन प्लान के अन्तर्गत ''समाधान शिविर'' का आयोजन जिला न्यायालय परिसर जिला मुख्यालय मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, तहसील विधिक सेवा समिति जौरा, तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ में किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि इस एक्शन प्लान के अन्तर्गत प्रशासन के समन्वय एवं सहयोग से प्रत्येक थाना क्षेत्र का एक कलस्टर बनाया गया था। राजस्व, पुलिस, विद्युत विभाग, वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही पैरालीगल वालेंटियर्स का दल प्रत्येक कलस्टर हेतु गठित किया गया था। उक्त दल द्वारा कलस्टर क्षेत्रों में जाकर आमजन को उनके बीच उत्पन्न होने वाले मामलों को आपसी समझोते एवं राजीनामें के आधार पर प्रारंभिक स्तर पर ही निराकृत किये जाने के संबंध में प्रेरित करते हुए एक्शन प्लान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

## गोहरापदर में भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**पुष्पांजली टुडे**



**गोहरापदर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी के निवास पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 94वे संस्करण को भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता ने सुना. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी जी ने छठ पर्व की महत्ता बतायी एवं सोलर पैनल के माध्यम से लोगों तक पहुँच रही बिजली के बारे में भी जानकारी दीं साथ ही केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला.प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में कहा कि छठ का यह महापर्व लोगों में ऊर्जा और उत्साह भर देता है क्योंकि डूबते सूरज को अर्घ्य देकर मनाया जाने वाला यह पद पर बड़े ही सकारात्मकता के साथ मनाया जाता है। इस दौरान प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक डमरुधर पुजारी,मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,किसान मोर्चा जिला विशेष आमंत्रित सदस्य डमरूधर यादव,पिछड़ा वर्ग मोर्चा मीडिया प्रभारी तुलसी सेन,प्रचार प्रसार मंत्री पदमन नागेश,युवा मोर्चा प्रचार प्रसार मंत्री लिकेश वैष्णव,मो.तसलीम खान,बीरबल बघेल,खिरसागर कश्यप,गुनसागर यादव,सुरेश यादव,रोहित नागेश,ललित मांझी,सेवकराम पांड़े उपस्थित रहे।

## मंकीपॉक्स बीमारी में बुखार, रेश और त्वचा पर उभरते हैं दाने

### घरों में साफ-सफाई रखें और गाइड लाइन का पालन करें

**मुरैना।** मंकी पॉक्स वायरस के कारण मनुष्य में सामान्यतः संक्रमण नही होता है, परन्तु कुछ दुर्लभ प्रकरणों में पॉक्सविरिडे परिवार के ऑर्थोपॉक्स वायरस जीनस में पाये जाने वाले मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमण पाया गया है। भारत सरकार, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मंकीपॉक्स के सम्बन्ध में कुछ देशों से रिपोर्ट किए गए मंकीपॉक्स के मामलों के मद्देनजर आईडीएसपी एसएसयू के लिए अंतरिम सलाह ''जारी कर बताया कि मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोटिक बीमारी है, जो मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षा वन क्षेत्रों में पायी जाती है। मंकीपॉक्स से संक्रमित रोगी को सामान्यतः बुखार, रेश और लिम्फ नोड्स में सूजन पाई जाती है। कुछ रोगियों में चिकित्सकीय जटिलताएं हो सकती हैं। मंकीपॉक्स एक स्व-सीमित संक्रमण है जिसके लक्षण सामान्यतः 2 से 4 सप्ताह में समाप्त हो जाते है। गंभीर प्रकरणों में मृत्यु दर 1 से 10 प्रतिशत है। मंकीपॉक्स वायरस पशुओं से मनुष्य में और मनुष्य से मनुष्य में भी फैल सकता है। वायरस कटी-फटी त्वचा या आंख, नाक या मुंह के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है। संक्रमित पशु, वन्य पशु से मानव में वायरस का संचरण काटने, खरोंचने शरीर के तरल पदार्थ एवं घाव से सीधे अथवा अप्रत्यक्ष संपर्क जैसे दूषित बिस्तर के माध्यम से हो सकता है। मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण, संचरण मुख्य रूप के माध्यम से सामान्यतः पर लंबे समय तक निकट संपर्क से होता है। वायरस शरीर के तरल पदार्थ, घाव के सीधे संपर्क के माध्यम से और घाव के साथ अप्रत्यक्ष संपर्क के माध्यम से भी प्रसारित हो सकता है, जैसे संक्रमित व्यक्ति के दूषित कपड़ों या लिनेन के माध्यम से मंकीपॉक्स के लक्षण स्मॉलपॉक्स जैसे होते है। ऑर्थोपॉक्स वायरस से फैलने वाले स्मॉलपॉक्स संक्रमण 1980 में दुनिया भर में समाप्त घोषित कर दिया गया था। मंकीपॉक्स स्मॉलपॉक्स की तुलना में कम गंभीर व कम संक्रामक बीमारी है। मंकीपॉक्स का आमतौर पर 7 से 14 दिनों का होता है, लेकिन यह 5 से 21 दिनों तक हो सकता है और इस अवधि के दौरान व्यक्ति आमतौर पर संक्रामक नहीं होता है। संक्रमित व्यक्ति के चकत्ते दिखने से 1 से 2 दिन पहले तक रोग फैल सकता है। सभी चकत्तों से पपड़ी गिर न जाए रोगी तब तक संक्रामक बना रह सकता है। वर्तमान परिदृश्य 21 मई 2022 तक यूके, यूएसए, यूरोप, आस्ट्रेलिया और कनाडा से मंकीपॉक्स के मामले सामने आए हैं जिनमें कोई मौत नहीं है। उक्त संक्रमण स्थानीय प्रसारण और अफ्रीकी देशों की यात्रा के कारण पाया गया हैं। भारतीय विभिन्न देशों से नए प्रकरणों का पता चलने से भारत में इस बीमारी के होने की संभावना है।

मंकीपॉक्स क संभावित प्रकरणों की शीघ्र पहचान व निदान करते हुये आवश्यक गतिविधियां किये जाने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्देशित किया गया है। व्यक्तियों को मंकीपॉक्स का संभावित प्रकरण माना जाए जिन्हें बुखार के साथ पाये जाये। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने पिछले 21 दिनों में किसी ऐसे देश की यात्रा की हो जहां हाल ही में मंकीपॉक्स के प्रकरण की पुष्टि हुई हो अथवा संदिग्ध प्रकरण पाये गये हो। पुष्ट या संदिग्ध मंकीपॉक्स संक्रमित व्यक्ति के साथ संपर्क हुआ हो। सभी संदिग्ध प्रकरणों को चिन्हांकित स्वास्थ्य सुविधाओं में तब तक अलग रखा जाना चाहिए। सभी घावों पर त्वचा की एक नई परत बन जाने पर या उपचार करने वाले चिकित्सक द्वारा समाप्त करने का निर्णय लिये जाने पर ही स्वास्थ्य संस्था से डिस्चार्ज किया जाना चाहिए। ऐसे समस्त संभावित प्रकरण एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के डिस्ट्रक्ट सर्विलेंस ऑफिसर की निगरानी में रहेंगे ।

# शिवपुरी पुलिस द्वारा आपरेशन प्रहार के तहत 1300 लीटर लहान नष्ट कर कुल 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जप्त कर चार आरोपियो विरूध्द धारा 34(2) आवकारी एक्ट की कार्यवाही की ।

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन मे ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब विक्रेताओ के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, आदेश के पालन मे श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री दीपक तोमर के मार्गदर्शन में दिनांक 29.10.2022 को निरी. तिमेश छारी थाना प्रभारी थाना खनियाधाना को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुदराहट नदी के किनारे हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब बनाई जा रही है । उक्त सूचना पर मय फोर्स के कुदराहट नदी के किनारे मुन्नाराजा के खेत पर पहुचे तो मौके पर 15 ङ्क 15 लीटर की 22 प्लास्टिक की कट्टी व 05 ड्रम प्रत्येक ड्रम मे 200- 200 लीटर कुल 1300 लीटर लहान (गुड़ व महुआ ) होना पाया गया जिसे




मौके पर नष्ट किया गया व तीन कट्टियो मे हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जिसमे दो कट्टिया 30 -30 लीटर की व एक कट्टी 10 लीटर की कुल 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराव व शराव उतारने के लोहे के ड्रम व दो एल्यूमीनियम की हाडी कुल कीमती 15000 रुपये का होना पाया गया जिस पर से 04 आरोपियों के विरूध्द अपराध क्र. 624/2022 धारा 34(2) आवकारी एक्ट का कायम किया गया है । मौके से एक आरोपी निवासी ग्राम देवखो को गिरफ्तार किया गया प्रकरण के अन्य तीन आरोपी मौके से अधेरे का फायदा उठाकर भाग गये है जिनकी तलाश की जा रही है ।

उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक तिमेश कुमार छारी मय सउनि प्रकाश कौरव, आर. 211 लालसिह , आर. 621 बनवारी भिलाला , आर. 671 रवि वाथम , सै 138 अनिल यादव , सै 272 बच्चीलाल के महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# शिवपुरी पुलिस द्वारा महिला पुलिस अधिकारियों को सक्षम एवं सशक्त बनाने के उद्देश से पुलिस प्रशिक्षण हॉल में वर्टिकल इंटरएक्टिव वर्कशॉप उड़ान का आयोजन किया गया

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 30.10.2022 को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में महिला पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को सक्षम एवं सशक्त बनाने के




उद्देश्य से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्टिकल इंटरएक्टिव वर्कशॉप ÷उड़ान÷ का आयोजन किया गया कार्यक्रम का सुभारंभ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए महिला अधिकारी कर्मचारियों के व्यक्तित्व विकास एवं शारीरिक विकास पर जोर देते हुये सशक्त एवं सक्षम बनने की प्रेरणा दी, बाद सूबेदार स्टेनो श्री आशीष पटेरिया द्वारा विभागीय कार्रवाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई बाद रक्षित निरीक्षक शिवपुरी श्री भारत सिंह यादव द्वारा मैदानी इकाइयों में पदस्थापना के दौरान कैसा आचरण एवं कार्यशैली रहें इस पर चर्चा की गई प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को चार पहिया वाहन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया उक्त प्रशिक्षण में एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, महिला थाना प्रभारी निरी. पूनम सबीता, डीएसवी प्रभारी निरीक्षक सीमा यादव, सूबेदार गायत्री इटोरिया, सूबेदार नीतू अवस्थी, सूबेदार प्रियंका घोष, एवं महिला अधिकारी कर्मचारी सामिल हुये ।

# विद्युत कनेक्शन के 2 साल से बन रहे थाने का चल रहा कार्य नहीं दिया किसी ने ध्यान

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नवाब साहब रोड हरिजन थाने के पास में एक नवीन थाने का निर्माण किया जा रहा है जो कि संभवत यातायात थाना को सौंपा जाएगा पिछले 2 साल से इस थाने का निर्माण किया जा रहा है और इस थाने के निर्माण में अभी तक लाखों करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार ठेकेदारों द्वारा किया जा चुका है लेकिन इसको पूछने वाला शहर में कोई प्रशासनिक अधिकारी किसी प्रकार से इसमें दिलचस्पी नहीं ले रहा है क्योंकि फिलहाल में स्थाने को लेने के लिए पहले यातायात थाने के प्रभारी जी ने मना कर दिया फिर इसको कोतवाली के नाम पर दिया गया उसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा भी



इस थाने को लेने से मना कर दिया गया उसके बाद दोबारा से बनाए गए थाने का मॉडल देखकर बोला गया कि इस थाने को यात्रा थाने के नाम पर ही शुरू किया जाएगा बहुत ही जल्द शुरू होने वाले इस थाने में आज तक जितनी भी विद्युत ऊर्जा की खपत ठेकेदारों ने की गई वह पूरी पूरी चोरी से जलाई गई है ठेकेदारों द्वारा अभी तक इस नवीन थाने में ना ही किसी प्रकार का विद्युत कनेक्शन लिया गया है और ना ही किसी प्रकार की विद्युत विभाग को धनराशि जमा की गई है अब देखा ही है जाएगा कि इस नवीन थाने पर विद्युत विभाग के अधिकारी का क्या कहना है इसके बारे में हमको किसी भी प्रकार की कोई जानकारी अभी तक नहीं मिली है लेकिन जैसे ही जानकारी मिलेगी इस पर कार्रवाई की जाएगी कोई भी कोई भी सरकारी या प्राइवेट इमारत का निर्माण होता है तो उसमें सबसे पहले विद्युत कनेक्शन लिया जा नाजायज होता है लेकिन अभी तक इनके द्वारा किसी प्रकार का कोई विद्युत कनेक्शन नहीं लिया गया है इस पर हम और हमारी टीम के द्वारा जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी

# छह माह से डाल रहा गरीवो के हक पर डाका सेल्समैन और फूड इंस्पेक्टर की मिलीभगत से की जा रही कालाबाजारी





**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर** अनुविभाग ग्राम पंचायत खुरई में सेल्समैन यजेंद्र कोली सहायक विक्रेता सुनील लोधी संचालित उचित मूल्य की दुकान पर ग्रामीण लोगों के लिए 6 महा से खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ है पर्ची हितग्राही द्वारा बताया गया है कि 6 माह से हम लोगों के लिए किसी भी प्रकार का शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला आज पिछोर एसडीएम कार्यालय करीबन 200 ग्रामीण लोग शिकायत करने के लिए आए परंतु किसी कारणवश पिछोर एसडीएम मिल नहीं पाए तब उन्होंने फूड इंस्पेक्टर को यह जानकारी दी तो पूरे स्पेक्टर ने ग्रामीणों से कहा की डबल राशन आ रहा है जब फूड इंस्पेक्टर शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने भी लोगों को कहा कि एक ही महा का सिंगल आ रहा है परंतु ग्रामीण लोगों के लिए वह सिंगल राशन भी नहीं मिल रहा ग्रामीणों ने बताया कि फूड इंस्पेक्टर की सांठगांठ से यहां शासकीय उचित मूल्य की दुकान चलती है सेल्समैन आज तक कोई अता पता नहीं है कि कौन यहां पर शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित कौन करता है जब यह जानकारी प्राप्त की गई।

# पर्वतारोही आशा साइकिल से प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों का करेंगी प्रचार

**भोपाल।** राष्ट्रीय एथलीट और पर्वतारोही सुश्री आशा राजूबाई मालवीय मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस- एक नवंबर को 20 हजार किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा कर देश के सम्पूर्ण राज्यों का भ्रमण करेंगी। यात्रा के दौरान वे प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों, नैसर्गिक



सौंदर्य, समृद्ध इतिहास और संस्कृति को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने के अभियान का हिस्सा बनेंगी। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर साइकिल यात्रा को फ्लेग ऑफ करेंगी। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने सुश्री आशा को यात्रा में सहयोग के रूप में टूरिज्म बोर्ड की ओर से बेहद आधुनिक जीपीएस युक्त हाइब्रिड साइकिल रोम-2 और साइकिल किट सौंपी। पर्यटन स्थलों को महिलाओं खास कर एकल महिला यात्रियों (सोलो फीमेल ट्रेवलर) के लिए और अधिक सुरक्षित तथा सुगम बनाने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्राथमिकता पर विभिन्न योजना-परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर बोर्ड द्वारा खिलचीपुर, जिला राजगढ़ की रहने वाली राष्ट्रीय एथलीट एवं पर्वतारोही सुश्री आशा राजूबाई मालवीय का साइकिल से देश भ्रमण का प्रस्ताव स्वीकार कर उनकी पहल का स्वागत किया है। यात्रा का समापन 11 माह बाद दिल्ली में होगा।

# राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भाग लेने ग्वालियर के खिलाड़ी हुए रवाना



### ये खिलाड़ी लेंगे भाग

- अंडर-14 मिनी ग्रुप बालिका वर्ग
- कु उन्नति शर्मा शासकीय उमावि मॉडल डीडी नगर सीएम राइस
- अंडर-14 मिनी ग्रुप बालक वर्ग देवांश ओझा शासकीय उमावि गोरखी

### अंडर-17 जूनियर ग्रुप बालिका वर्ग

- कु सैय्यद एलेना शासकीय उमावि कन्या पदमा सीएम राइस
- अंडर-17 जूनियर ग्रुप बालक वर्ग* औनिक सक्सेना शासकीय उमावि उत्कृष्ट मुरार अंडर-19 सीनियर ग्रुप बालिका वर्ग कु अलका कौरव शासकीय उमावि मॉडल डीडी नगर सीएम राइस अंडर-19 सीनियर ग्रुप बालक वर्ग गौरव गुर्जर शासकीय उमावि मॉडल डीडी नगर सीएम राइस

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** ग्वालियर के 6 योग खिलाड़ी अंडर-14 व अंडर-17 और अंडर19 वर्ग के अंतर्गत राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने ग्वालियर से भोपाल रवाना हुए। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक किया जा रहा है। जिसमें ग्वालियर के 6 योग खिलाड़ी प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। टीम को बिदाई करने जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर, विकासखंड योग प्रभारी डॉ लोकेंद्र सिंह कामर, कृष्णपाल सिंह यादव ,गोविंद मल्होत्रा, रेखा शर्मा अखिलेश पचौरी, मुन्नासिंह परिहार समेत अनेक योग प्रशिक्षक उपस्थित थे। दल प्रभारी के रुप में श्रीकांत मिश्रा, कोच के रुप में हेमंत त्रिवेदी और श्रीमती विनिता तिवारी रवाना हुए हैं।

# थाना विश्वविद्यालय पुलिस ने टेस्ट ऑफ पंजाब होटल में लूट की घटना कारित करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल व लूटी गई पेटी व नगदी की जप्त।**

**उक्त लूट की घटना कारित करने वाले एक आरोपी को थाना विश्वविद्यालय पुलिस द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** -पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में लंबित चोरी व लूट की घटनाओं का खुलासा कर घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाशों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। आज दिनांक 30.10.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि विगत दिनों थाना विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत टेस्ट ऑफ पंजाव होटल में तोड़फोड़ कर लूट करने वाले तीन आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में मोटर सायकिल लिये हुए मिलेनियम प्लाजा के पास खड़े हुए। उक्त सूचना पर एसपी ग्वालियर द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया को थाना विश्वविद्यालय पुलिस की टीम को उक्त लूट की घटना के आरोपियों को पकड़े हेतु निर्देशित कया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी विश्वविद्यालय श्री रत्नेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरीक्षक मनीष कुमार धाकड़ के नेतृत्व में थाना विश्वविद्यालय पुलिस बल की टीम को उक्त लूट की घटना के आरोपियों को पकड़े हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मिलेनियम प्लाजा के पास मोटर सायकिल लिये हुए तीन संदिग्ध दिखे। जिन्होने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर तीनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर पकड़े गये तीनों आरोपियों ने उक्त लूट की घटना अपने एक अन्य साथी की मदद से करना स्वीकार किया। पकड़े गये आरोपियों से उनके नाम पता पूछने पर उन्होने स्वयं को भिण्ड, धौलपुर व मुरार का रहने वाला बताया। पकड़े गये उक्त आरोपियों से पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल जप्त कर ली गई। पकड़े गये आरोपियों की निशदेही पर पुलिस टीम द्वारा लूटी गई स्टील की छोटी पेटी व रूपये विधिवत जप्त किये गये। पुलिस टीम द्वारा उक्त लूट की घटना में शामिल इनके एक साथी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। आज पकड़े गये तीनों आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहे थे। ज्ञात हो कि दिनांक 18.10.2022 को फरियादी रामू शर्मा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह टेस्ट ऑफ पंजाव होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। दिनांक 17.10.2022 की रात में चार अज्ञात बदमाशों ने होटल में आकर गंदीगंदी गालिया देते हुए सामान की तोड़फोड़ की और स्टील की केश पेटी जिसमें लगभग 7 हजार रूपये रखे थे, पेटी सहित उठाकर ले गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना विश्वविद्यालय में अप0क्र0 505/22 धारा 294, 392, 427, 506, 34 भादवि 11,13 एमपीडीपीके एक्ट का प्रकरण कायम कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

**बरामद मशरूका:** लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल, स्टील की छोटी पेटी व नगदी।

**सराहनीय भूमिका:** उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरीक्षक मनीष कुमार धाकड, उनि रोहित भदौरिया, आर. शीलेन्द्र तोमर, निहाल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# इज्तिमा में पहली बार नया प्रयोग, अलग-अलग नष्ट होगा 19 तरह का कचरा

**भोपाल।** राजधानी में 18 से 21 नवंबर तक होने जा रहे इज्तिमा में साफ-सफाई को लेकर इस बार नए प्रयोग किए जा रहे हैं। गीला-सूखा कचरा के साथ 19 प्रकार के कचरे को अलग-अलग निष्पादित किया जाएगा। इस कचरे को




इकठ्ठा कर निष्पादन स्थल तक पहुंचाने के लिए नगर निगम और जिला पंचायत के सफाई कर्मियों के साथ इज्तिमा समिति के 400 वालंटियर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इज्तिमा में 10 लाख जमातियों के पहुंचने की उम्मीद है। इनके द्वारा निकलने वाला कचरा आयोजन स्थल से तुरंत उठा लिया जाएगा और इसका अलग-अलग निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए 19 तरह के कचरे को अलग-अलग करने की योजना बनाई गई है। इसमें प्लास्टिक, पैड, पीवीसी, ग्लास, ग्रेबोर्ड, ईवेस्ट, कागज, कांच, कांच की बोतल, लोहा, रबर, सिर के बाल, उच्च घनत्व वाली पालीथिन, कारपेट, दूध की थैलियां, बचा हुआ खाना, पेपर कप और हड्डी समेत अन्य कचरा शामिल है। इस कचरे को प्रेस कर गोविंदपुरा, मंडीदीप और पीलूखेड़ी में स्थित रिसायकलर्स के पास भेजा जाएगा। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति भी ली गई है। आयोजन समिति द्वारा इज्तिमा परिसर की साफ-सफाई के लिए 400 वालंटियर्स की ड्यूटी लगाई है। इन्हें आइडी कार्ड भी जा रही किए जाएंगे। इन वालंटियर को प्रशिक्षण भी दिया गया है। 20 वालंटियर पर एक ग्रुप लीडर होगा। जो इनके बीच समन्वय का काम संभालेंगे। आयोजन स्थल पर निकलने वाला बचा हुआ खाना और अन्य गीले कचरे से खाद और बायो गैस बनाई जाएगी। पिछली बार इज्तिमा से निकले गीले कचरे से पांच टन जैविक खाद का निर्माण किया गया था। साथ ही 250 क्विंटल बायो गैस भी बनाई गई थी।

# भाजपा किसान मोर्चा की आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर बैठक संपन्न

### किसान मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक ग्राम पंचायत के बूथ केंद्रों तक केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितेषी जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक के किसानों तक पहुंचाने का कार्य करें : सांसद संध्या राय

### भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर अंतोदय के साथ आत्मनिर्भर बनाने का कर रही है कार्य जयप्रकाश राजोरिया

### किसान मोर्चा के दायित्व वान कार्यकर्ता 2023 मिशन की तैयारी को लेकर संगठनात्मक ताकत को भूत केंद्र करें मजबूत देवेंद्र सिंह नरवरिया

### समृद्ध किसान, प्राकृतिक खेती के प्रति किसान जागरूक बने : विजय दैपुरिया






**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्डद्य** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की संगठनात्मक मो नगर परिषद नगर परिषद में आयोजित की गई मैं आयोजित की गई है जिस बैठक में मध्यप्रदेश के ओमकालेश्वर में संपन्न हुई किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिए गए संगठनात्मक कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने की तैयारी के साथ-साथ संगठनात्मक चर्चा भी की गई साथ ही जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के लिए किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जागृत किया गया द्य भाजपा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भिंड दतिया सांसद संध्या राय ने किसान मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने किसानों के लिए कई प्रकार की योजनाओं को संचालित किया है कार्यकर्ता प्रत्येक ग्राम पंचायत के भूत केंद्र तक पहुंचाने की अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तो निश्चित ही हमारी योजनाएं किसानों तक पहुंचेंगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को ?6000 और मध्य प्रदेश सरकार से ?4000 द्वारा किसानों के खेत में सीधे-सीधे ?10000 उनके खातों में पहुंच रहे हैं जो हमारी सरकार किसान हितेषी निर्णय लेकर कार्य कर रही है द्य सभी कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान जनकल्याण की योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने की जिम्मेदारी के साथ कार्य करें द्य भाजपा सांसद संजय राय ने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता भिंड जिले के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार जैविक एवं प्राकृतिक खेती को करने के उद्देश्य से लेकर उन्हें जोड़ने का काम करें तो निश्चित ही हम कृषि के क्षेत्र में मजबूती के साथ कार्य कर सकेंगे और यह खेती भारत के लिए अति महत्वपूर्ण है द्य किसान इसके लिए जागरूक हो कर काम करेंगे इसलिए मोर्चा के कार्यकर्ता उन्हें प्राकृत खेती के लिए समझाइश दें। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जिला संगठन के प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी विचारों को साथ लेकर चलने वाली राजनीतिक दल है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए तमाम सारी योजनाओं को संचालित कर उन्हें आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है दायित्व वान कार्यकर्ता मिशन 2023 के विधानसभा से लेकर मिशन 24 के लोकसभा चुनाव में किसान मोर्चा अपनी ताकत को संगठनात्मक कार्यक्रमों को किसानों तक पहुंचाने का कार्य करें द्य

भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है किसान मोर्चा पार्टी का विभिन्न अंग और रीड की हड्डी है जो किसानों को संगठित करते हुए उनके लिए कार्य करती है मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में जिले की 5 विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का परचम फहराने के लिए किसान मोर्चा के दायित्व वान कार्यकर्ता बूथ केंद्र पर अपनी संगठन माता आत्मक ताकत को मजबूती करते हुए संगठन की सुनामी को तूफान में बदलने का काम करेंद्ध उन्होंने कहा कि किसान को जैविक खेती और प्राकृतिक खेती करने के लिए किसान मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव की चौपालों पर पहुंचकर उन्हें जागरूक बनाएं द्य

भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने आयोजित बैठक में कहा कि आगामी मिशन 2023 विधानसभा और 2024 में लोकसभा चुनाव में किसान मोर्चा की अहम भूमिका होने वाली है हम सब संगठन के समर्पित भाव से काम करने वाले कार्यकर्ता हैं और मोर्चा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की किसान हितैषी विकास जन कल्याण योजनाओं को अंतिम छोर तक के किसानों तक पहुंचा कर उन्हें लाभ दिलाने का काम करें कृषि के क्षेत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 4 बार कृषि आभार के साथ मध्य प्रदेश को आत्म निर्भर की दिशा से जोड़ने का काम किया है द्य

किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दैपुरिया ने कहा कि किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की ताकत है और अभी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ पीड़ित परिवार जन किसानों को 16000 की राशि एवं जो बाढ़ में उनके पशु मर गए हैं या बह गए हैं उनके आर्थिक राशि वितरण करने का निर्णय लिया है हमारी सरकार के साथ किसान हितैषी सरकार है ।

बैठक में जिला अध्यक्ष जयपुरिया ने प्राकृतिक खेती के लिए किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जागृत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्राकृतिक खेती के लिए हमें प्रेरणा दी है हम गांव गांव की चौपालों में जाकर किसानों को बताएं कि प्राकृतिक खेती के फायदे जिसमें भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि हो जाती है, सिंचाई अंतराल में वृद्धि होती है, रसायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है जब हम प्राकृतिक खेती के नियम अनुसार अपने खेतों में अनाज करेंगे तो उसका फायदा मिलेगा फसलों की उत्पादकता में वृद्धि, मोर्चा के कार्यकर्ता मोर्चा के कार्यकर्ता अपनी अहम जिम्मेदारी के साथ निश्चित रूप से कार्य करेंगे तो हम अपने कार्य के प्रति आगे बढ़ेंगे द्य

उन्होंने कहा कि ओमकालेश्वर में संपन्न हुई बैठक में जो निर्णय लिए गए हैं डिजिटल डायरी, प्रत्येक ग्राम पंचायत से पांच पांच लोगों के नाम शामिल किए जाएं, एफपीओ, मन की बात कार्यक्रम, टिफिन बैठक, मंडी पशु आहार, सहकारिता बरक्षा रोपण नवाचार नीति एवं शोध जैसे विषयों पर मोर्चा के कार्यकर्ताओं को समझाइश दी गई और कहा कि सभी कार्यक्रम लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किए जाएं ताकि यह कार्यक्रम प्रभावी रूप से आपके बूथ केंद्र पर संपन्न हो सके द्य मोर्चा जिला अध्यक्ष जयपुरिया ने कहा कि आगामी नवंबर माह में किसान गौरव यात्रा किसान रथ यात्रा किसान मेरा गौरव जैसे संगठनात्मक कार्यक्रम आने वाले हैं जिनकी तैयारी हमें अभी से ही करनी होगी ताकि यह संगठनात्मक कार्यक्रम गांव गांव की चौपालों पर संपन्न हो सके किसान विकास रथ यात्रा के माध्यम से किसान कल्याणी योजनाओं को किसानों के बीच बताया जाएगा द्य

बैठक की अध्यक्षता भिंड ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष वैभव सिंह राजावत ने करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और संचालन प्रद्युम्न शर्मा मंडल महामंत्री ने किया भिंड ग्रामीण मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का मोर्चा के जिलाध्यक्ष दैपुरिया द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए और परिचय प्राप्त किया द्य

सभी मंचासीन अतिथियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं एकात्म मानववाद के प्रेरणा स्रोत अंतोदय के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया वही मंचासीन अतिथियों का स्वागत किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पर्वत सिंह यादव द्वारा शाल और श्रीफल के साथ स्वागत करते हुए सम्मान किया द्य बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं कृषि विशेषज्ञ राम लखन मिश्रा द्वारा प्राकृतिक एवं जैविक खेती के बारे में प्रकाश डाला और उन्हें इसके लिए प्रेरणा दी साथ ही संचालन जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी एवं आभार व्यक्त मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पर्वत सिंह यादव द्वारा किया गया द्य किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रक्षपाल सिंह राजावत एवं संतोष सिंह मसूरी का साल और श्रीफल के साथ उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी द्य

बैठक में किसान मोर्चा के मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में रक्षपाल सिंह राजावत ,राजन सिंह भदोरिया संतोष सिंह मसूरी, भाजपा जिला मंत्री उपेंद्र राजोरिया पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाहा,भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाह, जिला मंत्री नरेंद्र सिंह सिकरवार, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज रघुवीर सिंह पवैया, विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा जिला महामंत्री अशोक सिंह बघेल धर्मेंद्र सिंह राजावत मंचासीन थे द्य

भाजपा नियुक्त जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया कामों में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया के प्रथम नगर आगमन के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प हार पहना कर रोली और तिलक के साथ उनका स्वागत किया जगह-जगह व्यापारियों ने भी स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

# सरदार पटेल के सपनों को पूरा करने और देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए आपसी भाई चारा स्थापित करना होगा-महेश चंद्र देवा





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर केंद्रीय संचार ब्यूरो,लखनऊ द्वारा सरदार पटेल गुरुकुल एकेडमी, बख्शी का तालाब, लखनऊ में जन जागरूकता अभियान की शुरुआत किया गया। अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ रश्मि सिंह, प्रबंधक, सरदार पटेल गुरुकुल एकेडमी ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महेश चंद्र देवा, वरिष्ठ समाजसेवी, लखनऊ, रूपल जैन, प्रधानाचार्य, सरदार पटेल गुरुकुल एकेडमी, जय सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी व स्कूल के शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विशेष जनजागरुकता अभियान के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रश्मि सिंह ने उपस्थित जन समूह व छात्र छात्राओं को संबोधित हुए कहा कि भारत मे बहुत सारे महापुरुष पैदा हुए है, जो देश की एकता अखंडता को बनाये रखने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया जिसमें से सरदार पटेल एक थे। सरदार पटेल के जीवन संघर्ष से सीखकर अपने जीवन मे उतारना होगा। विशिष्ट अतिथि महेश चंद्र देवा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल देश की एकता के लिए जीवन भर लगे रहे। हम सभी को भी देश की एकता व अखंडता को बनाये रखने के लिए आपसी भाई चारा स्थापित करना होगा। इस अवसर पर जय सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। श्री जय सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिनाँक- 31 अक्टूबर 2022 को बख्शी का तालाब इण्टर कालेज, लखनऊ में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री कौशल किशोर , आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा उद्घाटन दोपहर 01ः00 बजे किया जाएगा।

**यह चित्र प्रदर्शनी दिनाँक**- 2 नवंबर 2022 तक आम जन के लिए सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक निःशुल्क खुली रहेगी। इस चित्र प्रदर्शनी में प्रतिदिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संघोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने बनाया दीपवाली मिलन समारोह

### मुरैना जिलाध्यक्ष बने पुष्पेंद्र सिंह तोमर जोरदार हुआ स्वागत





**मुरैना।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आज मुरैना मे दीपावली मिलन समारोह के कार्यक्रम का आयोजन किया इस मोके पर सम्पूर्ण राष्ट के पदाधिकारी आये और सभी ने एक दूसरे को दीपावली की बधाई और शुभकामनायें दी साथ ही इस मोके पर मुरैना जिला अध्यक्ष की घोषणा की गई उसके बाद सभी ने नए बनाये गए अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह तोमर जी को जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई और शुभकामनायें दी

कार्यक्रम मे उपस्थित हुए श्री सुरेंद्र सिंह तोमर राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष,अशोक सिंह तोमर राष्ट्रीय महामंत्री,राम कुमार सिंह सिकरवार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मध्य प्रदेश,छोटे सिंह भदौरिया, सत्येंद्र सिंह तोमर संभागीय अध्यक्ष चंबल संभाग,सत्येंद्र सिंह भदोरिया युवा अध्यक्ष मध्य प्रदेश,वेद प्रकाश सिंह तोमर पूर्व जिला अध्यक्ष मुरैना,श्री श्याम सिंह तोमर राष्टीय राष्टीय कोषाध्यक्ष, महेंद्र सिंह तोमर जिला अध्यक्ष युवा ग्वालियर,सतवीर सिंह तोमर,आशीष सिंह तोमर बड़ागांव महेवा का पुरा, श्री बल बहादुर सिंह तोमर,आनंद सिंह परमार संभागीय अध्यक्ष युवा चंबल संभाग मुरैना, बृजेश सिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह तोमर, बबलू तोमर, राजू सिकरवार, दिनेश तोमर पार्षद,धीरेंद्र सिंह तोमर,गोविंद सिंह, रामवीर सिंह तोमर फौजी,बृजेश तोमर पत्रकार,करनपाल सिंह सिकरवार, सत्यवीर सिंह तोमर चापिक आदि मौजूद रहे



# ग्वालियर पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान







### आकाश इंस्टीट्यूट में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध और नशे की लत से दूर रहने के लिये किया जागरूक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी, भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्वालियर पुलिस के अधिकारियों द्वारा जिले के सार्वजनिक स्थानों, स्कूल कॉलेज तथा शैक्षणिक संस्थानों पर जाकर आमजन एवं छात्र-छात्राओं को नशे की लत से दूर रहने व उसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज दिनांक 30.10.2022 को अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया द्वारा सिटी सेंटर स्थित आकाश इंस्टीट्यूट कोचिंग संस्थान पर पहुंचकर वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान एवं यातायात नियमों तथा साइबर अपराधों से सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई।

अति0 पुलिस अधीक्षक शहर - पूर्व / अपराध द्वारा ÷आकाश इंस्टीट्यूट÷ कोचिंग संस्थान में पहुंचकर वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बातचीत की, इसके साथ ही उनको ग्वालियर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के बारे में बताया और उनको नशा न करने की समझाइश दी। उन्होने कहा कि युवा पीढ़ी ही इस देश का भविष्य है और पुलिस का यह नैतिक कर्तव्य है कि व देश की युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल में फंसने से बचाये। हमारी युवा पीढ़ी जितनी जागरूक होगी उतना ही स्वंय को इस नशे के जंजाल में फंसने से बचा पायेगी। इसलिये आपको स्वंय नशे से दूर रहना चाहिये साथ ही अपने आस-पास के लोगों को भी इसके लिये जागरूक करना चाहिये। इस दौरान उन्होने उपस्थित कोचिंग स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवम् साइबर अपराधों से सुरक्षा की जानकारी भी प्रदाय की साथ ही उनसे कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का पालन करना चाहिये। दो पहिया वाहन चलाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिये कि वाहन को सदैव संतुलित गति में ही चलाना चाहिये साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल आवश्यक रूप से करना चाहिये। इसके साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सदैव सीट बेल्ट लगाकर ड्रायविंग करना चाहिये जिससे आप दुर्घटना के समय गंभीर चोटों से बच सकते हो। वाहन चलाते समय नशे का सेवक कदापि ना करें ऐसा करने पर आप अपनी और अपने परिवारजनों की जान जोखिम में डाल सकते है। इस दौरान कोचिंग के छात्र-छात्राओं के साथ कोचिंग स्टॉफ भी उपस्थित रहा। ग्वालियर पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत निरंतर कार्यवाहियां की जाकर अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के साथ-साथ आमजन व छात्र-छात्राओं को जागरूक भी किया जा रहा है।

# 33 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के लिए मिली जगह, जल्द होगा भवन निर्माण

**ग्वालियर।** शहर में 33 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के लिए प्रशासन की ओर से शुक्रवार को जगह उपलब्ध करा दी गई। जगह मिलने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग भवन निर्माण का कार्य शीघ्र करेगा जिससे जल्द से जल्द संजीवनी क्लीनिक का संचालन हो सकेगा। इससे शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर होंगी और मोहल्ले में ही विशेषज्ञ डाक्टरों से जब उपचार मिलेगा तो बड़े अस्पताल का भार कम होगा। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में जांच,दवा से लेकर विशेषज्ञ डाक्टरों का परामर्श मिलेगा। जिले में संचालित होने वाले सभी उप स्वास्थ्य केंद्र,शहरी स्वास्थ्य केंद्र और डिस्पेंसरी अब मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के नाम से जाने जाएंगे। जिनकी संख्या कुल 58 होगी। जिसमें 35 नई मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक और 23 पुराने स्वास्थ्य केन्द्र शामिल हैं।




### 6 को नगर निगम ने दी जगह

58 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में से 6 क्लीनिक के लिए नगर निगम द्वारा जगह उपलब्ध कराई गई जबकि बाकी के 22 केंद्रों के पास पहले से ही भवन की उपलब्धता थी। बाकी के बचे 35 नए संजीवनी क्लीनिक में से 33 को जगह की उपलब्धता प्रशासन के निर्देश पर राजस्व विभाग उपलब्ध करा चुका है।

### इन्हें मिली जगह

सत्यनारायण की टेकरी,चन्द्र नगर,शील नगर,राजामंडी, सेवानगर, रेशममील, कालपी ब्रिज, लक्ष्मण तलैया,आदर्श आंगनवाड़ी, तारागंज में एक भवन में एक क्लीनिक का संचालन होगा जबकि महलगांव,अजयपुर, बड़ागांव,मरीमाता महलगांव में बनने वाले एक भवन में तीन पोलीक्लीनिक का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा नहर पट्टा गदाईपुरा, पचास क्वाटर्स,भिंड रोड , शिवपुरी लिंक रोड, सिद्देश्वर नगर के लिए भी जमीन का आवंटन किया जा चुका है।

### इस तरह से बनेंगे क्लीनिक :

- संजीवनी क्लीनिक नए भवन कम से कम 2500 वर्गफीट में बनेंगे।
- पुराना भवन कम से कम 1600 वर्गफीट हो जिसे मरम्मत कर उपयोग के लायक बनाया जा सके।
- ये स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी कार्य दिवसों पर भी सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे।
- संजीवन क्लीनिक में सामान्य ओपीडी परामर्श निशुल्क होगा।
- गर्भवती महिलाओं की जांच और टीकाकरण मुफ्त में होगा।
- कैंसर की मुफ्त जांच होगी।
- उच्च रक्तचाप की जांच भी मुफ्त होगी।
- मधुमेह जैसे अन्य रोगों की जांच भी मुफ्त रहेगी।
- संक्रामक बीमारियों के इलाज की सेवाएं मिलेंगी।
- संजीवनी क्लीनिक में 68 प्रकार की जांच एवं 120 प्रकार की दवाएं मुफ्त मिलने की संभावना है।

## पुलिस ने शातिर मोबाइल चोरों को किया गिरफ्तार 23 मोबाइल बरामद

**ग्वालियर।** शहर की बहोडापुर थाना पुलिस ने शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 23 मोबाइल बरामद किए है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 27.10.2022 की दरतियानी रात में थाना बहोड़ापुर क्षेत्रांर्तगत पागलखाना तिराहा स्थित मोबाइल की दुकान पर चोरी की बारदात को अंजाम देने वाले बदमाष को झाडू वाला मोहल्ला कब्रिस्तान के पास देखा गया है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे को थाना पुलिस बल की टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक कराकर उक्त शातिर बदमाष को पकड़ने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में सीएसपी ग्वालियर श्री संदीप मालवीय के वसुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी बहोड़ापुर डॉ. संतोष यादव द्वारा थाना पुलिस बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान झाडू वाला मोहल्ला कब्रिस्तान के पास भेजा गया। पुलिस टीम को उक्त स्थान पर मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख उक्त व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया परन्तु पुलिस टीम द्वारा उक्त सदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर धरदबोच लिया गया। पकड़े गये बदमाष से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने दिनांक 27.10.2022 की रात्री में अपने एक अन्य साथी के साथ थाना बहोड़ापुर क्षेत्रांर्तगत पागलखाना तिराहा स्थित मोबाइल की दुकान में चोरी की थी। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चोर की निषादेही पर उसके साथी को किले की तलहटी से धरदबोचा। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों चोरो के पास से चोरी किये गये 15 बड़े मोबाइल, 08 छोटे मोबाइल, 02 पावर बैंक, 02 चार्जर, 20 ईयरफोन, 07 नेकबेंड सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त मोबाइल चोरों को 24 घंटो के भीतर पकड़ा जाकर थाना बहोड़ापुर के अपराध क्रमांक 758/22 धारा 457,380 भादवि में गिरफ्तार किया जाकर उससे जिले में हुई अन्य चोरी व नकबजनी की बारदातो के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## पार्षदों ने किया हंगामा तो जागे अधिकारी, सीवर, स्ट्रीट लाइट और सड़कों की कराई मरम्मत

**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद में शुक्रवार को सीवर, सड़क व स्ट्रीट लाइटों के मुद्दे पर पार्षदों के हंगामे के बाद अधिकारी नींद से जागे हैं। यही कारण है कि शनिवार को तेजी से काम करते हुए इन समस्याओं को सुधारा गया। नगर निगम के अमले ने शनिवार को शहर के विभिन्न इलाकों में सीवर साफ करने के साथ ही टूटे चैंबरों के ढक्कनों को बदला। इसके अलावा 279 स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के साथ ही 15 सड़कों पर पैंच रिपेयरिंग कार्य भी कराया है। हालांकि इसके बावजूद सीवर और स्ट्रीट लाइट से संबंधित 1400 से अधिक शिकायतें अब भी सीएम हेल्पलाइन में लंबित पड़ी हुई हैं। पार्षदों द्वारा एक दिन पहले परिषद में सीवर, गंदे पानी व स्ट्रीट लाइटों को लेकर जाहिर की गई नाराजगी को दूर करने का अभियान शुरू हो गया है। यही कारण है कि गली मोहल्लों से लेकर कालोनियों की बंद पड़ीं 209 स्ट्रीट लाइटों को निगम विद्युत विभाग ने ठीक किया है। वहीं मुख्य मार्गों की 70 स्ट्रीट लाइटों को शनिवार को चालू कराया गया। निगम के विद्युत विभाग के अमले ने वार्ड क्रमांक पांच में 13, वार्ड 10 में 8, वार्ड 25 में 20, वार्ड 28 में 20, वार्ड 29 में 35, वार्ड 38 में आठ, वार्ड 62 में 22, वार्ड 13 में 14, वार्ड 31 में 10, वार्ड 23 में 17, वार्ड 59 में 20, वार्ड 41 में 12, वार्ड 40 में 10 लाइटों को ठीक कराया। इसी प्रकार वार्ड 19 में कुंजविहार फेज दो, वार्ड 46 में कंपू हनुमान मंदिर के पास, राक्सीपुल पर राठौर पतंग वाली गली, वार्ड 24 में अजाक्स कार्यालय के पास, वार्ड 19 में भगत सिंह नगर में सीवर चैंबरों को साफ किया गया, साथ ही टूटे चैंबरों के ढक्कनों को बदला गया।



## पुरानी छावनी में ट्रक ने युवक को मारी टक्कर, उछलकर सड़क पर गिरा, दर्दनाक मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर के पुरानी छावनी इलाके में रविवार तड़के एक सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुरानी छावनी इलाके में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर लगने पर युवक उछलकर गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी और उसने दम तोंड़ दिया। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक भाग निकला। ट्रक का नंबर भी पता नहीं लग सका है। इसके चलते पुरानी छावनी पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों पर एफआइआर दर्ज कर ली है। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। एक ढाबे पर फुटेज देखे, जिसमें ट्रक तो नजर आया है, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। पुरानी छावनी थाना प्रभारी सुधीर सिंह कुशवाह ने नईदुनिया को बताया कि मलवई पलवल का रहने वाला अरमान पुत्र जान मोहम्मद उम्र 23 साल अपने साथी के साथ ट्रक लेकर ग्वालियर आया था। यह लोग पुरानी छावनी इलाके में ढाबे पर खाना खानपे के लिए रुके थे। इसी दौरान जब अरमान पुत्र जान मोहम्मद सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक यहां से गुजरा। ट्रक चालक ने युवक को टक्कर मारी। टक्कर लगने से वह करीब पांच फीट ऊपर उछला। इसके बाद जमीन पर गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट लगी, वह लहूलुहान हो चुका था। यहां मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े।




## शहर में अवैध पार्किंग में खड़े वाहन, सड़कों पर हाकर्स और हाथ ठेलों से लग रहा जाम

**ग्वालियर।** शहर में अवैध पार्किंग में खड़े वाहन, सड़कों पर खड़े हाकर्स और हाथ ठेले जाम लगा रहे हैं। शहर की सड़कों पर दिनभर जाम लग रहा है, लेकिन न तो ट्रैफिक को व्यवस्थित करने पर ट्रैफिक पुलिस का फोकस है और न ही नगर निगम का। ट्रैफिक पुलिस चौराहों पर चालान काटकर टारगेट पूरा करने में व्यस्त है तो नगर निगम का मदाखलत अमले को सिर्फ कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही अतिक्रमण नजर आता है। यानि सिर्फ कुछ चुनिंदा जगहों पर ही नगर निगम का मदाखलत अमला कार्रवाई करता है।

### यहां लग रहा सबसे ज्यादा जाम

लशकर- शहर के लश्कर क्षेत्र में सबसे ज्यादा जाम लग रहा है। महाराज बाड़ा से लेकर सराफा बाजार, दौलतगंज, माधोगंज चौराहा, छप्परवाला पुल, शिंदे की छावनी, इंदरगंज चौराहा। यहां सड़क पर अवैध बाजार लगता है। सड़क पर जगह-जगह अवैध रूप से वाहन खड़े रहते हैं। यहां सड़कें आधी घिरी रहती हैं। जिससे जाम लगता रहता है और आम लोग परेशान होते रहते हैं। यहां ट्रैफिक पाइंट लगे रहते हैं, लेकिन सिर्फ चालान काटते हैं। ट्रैफिक व्यवस्थित तक नहीं किया जाता। इस वजह से यहां लोग परेशान हो रहे हैं। मुरार- मुरार के थाटीपुर से लेकर बारादरी चौराहा, सदर बाजार, सात नंबर चौराहा तक जगह-जगह अवैध रूप से दुकानदारों ने दुकानों का सामान दुकानों के बाहर रखा हुआ है। जगह-जगह सवारी वाहन खड़े रहते हैं। यहां अवैध आटो स्टैंड हैं। जिससे सड़कें घिरी रहती हैं। इस कारण यहां जाम लगता रहता है। यहां सिर्फ बारादरी चौराहे पर ट्रैफिक पाइंट लगा रहता है।



## गोले मंदिर रोड पर सर्विस रोड के लिए की नपाई, करनी होगी तुड़ाई

**ग्वालियर)।** स्मार्ट सिटी द्वारा गोला का मंदिर से लेकर महाराजपुरा (एयरपोर्ट रोड) तक लगभग पांच किमी लंबाई में सड़क के दोनों ओर 11 करोड़ रुपये की लागत से सर्विस रोड का निर्माण कराया जाएगा। सात मीटर चौड़ी सर्विस लेन के लिए सड़क के बाईं ओर कई स्थानों पर सात मीटर तक ही तुड़ाई करनी होगी। स्मार्ट सिटी के अधीक्षण यंत्री के पत्र के आधार पर शनिवार को नगर निगम अमले ने परियोजना के लिए नपाई की और तुड़ाई के लिए मकानों को चिश्र्ति भी किया। इनमें धर्मवीर पेट्रोल पंप से लेकर पिंटो पार्क तक सड़क के बाईं ओर मौजूद निर्माणों को नोटिस जारी कर उनसे दस्तावेज मांगे जाएंगे। यदि मास्टर प्लान के विरुद्ध निर्माण मिलता है, तो उसे तोड़ा जाएगा।गिोला का मंदिर से महाराजपुरा तक मास्टर प्लान के हिसाब से रोड की चौड़ाई 40 मीटर प्रस्तावित है। इस सड़क के दोनों ओर अब स्मार्ट सिटी सर्विस रोड तैयार बनाएगी। इसमें साढ़े पांच मीटर की सर्विस रोड, डेढ़ मीटर फुटपाथ और आधा मीटर जगह विद्युत पोल के लिए छोड़ी जानी है। ठेका मैसर्स तोमर बिल्डर्स एंड कान्ट्रैक्टर्स को दिया गया है। ठेकेदार फर्म ने जब मौके पर काम शुरू किया, तो देखा कि गोला का मंदिर से महाराजपुरा तक अधिकतर बाईं तरफ निर्माण हो चुके हैं। ऐसे में सात मीटर सर्विस रोड के लिए जगह ही नहीं है। इस पर स्मार्ट सिटी के अधीक्षण यंत्री सुबोध खरे ने सिटी प्लानर पवन सिंघल को पत्र लिखा था। इस पर भवन अधिकारी वीरेंद्र शाक्य व निगम अमले ने नपाई की। वीरेंद्र शाक्य के मुताबिक धर्मवीर पेट्रोल पंप के सामने सबसे अधिक निर्माण हो चुका है।



## अब रेलवे स्टेशन चौराहा बना ग्वालियर ट्रैफिक पुलिस की प्रयोगशाला, रोज नए ट्रायल

**ग्वालियर।** रेलवे स्टेशन चौराहे पर यातायात सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने जो प्रयोग किया है, वह बेअसर साबित हो रहा है। इस प्रयोग से यातायात तो नहीं सुधरा, बल्कि इससे जाम में वाहन फंसते रहे। शाम को यहां कई बार जाम लगा। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों का तर्क है कि यह प्रयोग शताब्दी एक्सप्रेस और राजधानी एक्सप्रेस के समय लगने वाले जाम को देखते हुए किया गया है, अभी ट्रायल चल रहा है, अगर सुधार नहीं होगा तो दोबारा वही व्यवस्था की जाएगी, लेकिन शनिवार को शाम करीब 5 बजे से ही यहां स्टापर लगाकर ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया, जिससे यहां कई बार जाम लगा।

शुक्रवार से ट्रैफिक पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौराहे पर स्टापर लगाकर स्टेशन बजरिया की ओर से पड़ाव पुल की ओर जाने वाले वाहनों को डायवर्ट कर दिया है। वाहन पड़ाव आरओबी की तरफ से घूमकर आ रहे हैं, इससे पड़ाव आरओबी के छोर पर और पड़ाव पुल पर जाम के हालात बन रहे हैं। इस प्रयोग के पीछे जब ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों की मंशा जानी तो उन्होंने बताया- शाम के समय जब शताब्दी एक्सप्रेस फिर राजधानी एक्सप्रेस स्टेशन पर आती है, इस समय चार पहिया वाहनों का मूवमेंट अधिक रहता है। इसके साथ ही वीआइपी मूवमेंट भी रहता है, जिसके चलते यहां जाम लगता है। इस वजह से सिर्फ इस समय जाम न लगे, इसके लिए यह प्रयोग किया गया है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस का यह प्रयोग और अधिक परेशानी का कारण बन गया है। क्योंकि ट्रेनों के आने से काफी पहले यहां ट्रैफिक रोक दिया जाता है, जिससे अब घंटों यहां जाम लग रहा है। शनिवार को भी यहां परेशान होने लगे।




## संक्षिप्त समाचार

### घर के बाहर ट्रक में चोरी करने घुसे चोर, चालक की नींद खुली तो पकड़ने दौड़ा, पैर में मारी गोली

**ग्वालियर।** पुरानी छावनी इलाके में दो चोरों ने बीती रात एक ट्रक चालक की पैर में गोली मार दी। दोनों चोर घर के बाहर खड़े ट्रक में चोरी करने के लिए घुसे थे। तभी ट्रक चालक की नींद खुल गई, जैसे ही वह चोरों को पकड़ने के लिए शोर मचाकर दौड़ा तो चोर पैर में गोली मारकर भाग निकले। गोली लगने से घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है, लेकिन आरोपितों का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस आरोपितों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे भी देख रही है। कैलारस का रहने वाला जितेंद्र कुशवाह पेशे से ट्रक चालक है। वह ट्रक लेकर ग्वालियर आया था। जहां उसने माल अनलोड किया, वहां से उसे भाड़ा शनिवार को मिलना था, इसके चलते वह पुरानी छावनी इलाके में रहने वाले अपने मामा बलराम सिंह के घर पहुंच गया। रात को जितेंद्र का रिश्तेदार रामनिवास भी यहां आ गया था। दोनों बलराम सिंह के घर ही सो रहे थे। रात करीब दो बजे जब जितेंद्र टायलेट जाने के लिए उठा तो उसे आहट सुनाई दी। आहट सुनते ही वह बाहर की तरफ गया। जैसे ही बाहर निकला तो ट्रक के अंदर दो चोर घुसे थे। जैसे ही उसने शोर मचाया और इन्हें पकड़ने के लिए दौड़ा तो दोनों नीचे उतरे। एक चोर ने कट्टे से फायर किया, गोली उसके पैर में लगी। गोली लगने से वह गिर पड़ा। तब तक उसके रिश्तेदार भी घर के अंदर से बाहर आ गए। रात में ही उसे अस्पताल लेकर भागे। पुलिस को भी सूचना दी गई। सीएसपी महाराजपुरा रवि भदौरिया ने बताया कि इस मामले में एफआइआर दर्ज कर आरोपितों की तलाश चल रही है, जल्द ही आरोपित पकड़े जाएंगे।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

**ग्वालियर।** श्री रामलीला मैदान मुरार ग्वालियर में दिनांक 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन प्रारंभ हुई कथावाचक आचार्य सतानन्द जी महाराज ( वृंदावन ) के श्री मुख से सातों दिन धार्मिक कथा के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे भागवत कथा के परीक्षित स्वर्गीय श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी पंडित कैलाश नारायण शर्मा (सिंगवारी ) वाले ने सर्वप्रथम भागवत पोती को लेकर मंच पर पहुंचे आयोजन समिति की ओर से विवेक शर्मा ने बताया कि आज श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रारंभ मैं प्रथम दिन कलश यात्रा मदन मोहन मंदिर घास मंडी मुरार से महिलाएं कलश लेकर यात्रा निकाली जो मुरार नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई रामलीला मैदान मुरार में पहुंचकर भागवताचार्य श्री शतानंद जी महाराज के द्वारा प्रथम दिन कथा श्रवण की गई श्रीमद् भागवत का पोती पूजन एवं आरती मैं मुख्य रूप से परीक्षित पंडित कैलाश नारायण शर्मा दामाद जिला न्यायाधीश राकेश शर्मा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन ग्वालियर महानगर के प्रमुख समाजसेवी महेंद्र सिंह सेंगर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा राष्ट्रीय कार्य समिति के पूर्व सदस्य दिनेश गुप्ता ( शिवपुरी ) भाजपा नेता महेंद्र गुप्ता भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला ग्वालियर ग्रामीण प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंडित अमरीश शर्मा विवेक शर्मा मुख्य रूप से शामिल थे

## जिले के चार सीएम राइज स्कूलों का भूमिपूजन, 140 करोड़ से 18 माह में होंगे तैयार

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित मुख्य समारोह के साथ ही जिले के फोर्ट रोड कन्या विद्यालय, शासकीय माडल स्कूल मुरार, शासकीय उमावि बेरजा और शासकीय माडल स्कूल डबरा का वर्चुअली भूमिपूजन किया। 35.93 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाले सीएम राइज फोर्ट रोड स्कूल के भूमिपूजन कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ये विद्यालय निजी स्कूलों से बेहतर व स्मार्ट होंगे, जिनमें पढ़ने वाले बेटा-बेटी अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। इन स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के साथ ही अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। इन स्कूलों का निर्माण 140 करोड़ रुपए की लागत से 18 माह के अंदर किया जाएगा। ग्वालियर जिले में कुल आठ स्कूल स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से चार का भूमिपूजन शनिवार को किया गया जबकि अन्य चार स्कूलों का शिलान्यास बाद में किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में माडल स्कूल मुरार में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, बीज विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल और क्षेत्रीय पार्षद रेखा त्रिपाठी मौजूद थीं। इसी प्रकार बेरजा में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री भारत सिंह कुशवाह, जनपद अध्यक्ष दिलराज किरार, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार मौजूद थे। डबरा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुरेश राजे और तहसीलदार दीपक शुक्ला मौजूद थे। वहीं सीएम राइज फोर्ट रोड स्कूल के भूमिपूजन कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री के साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी मौजूद थे।




### स्कूलों में ये मिलेंगी सुविधाएं

स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लर्निंग, शत-प्रतिशत स्टाफ एवं सहायक स्टाफ, सुसज्जित प्रयोगशालाएं, वाचनालय, नर्सरी से हायर सेकंडरी तक पढ़ाई, अंग्रेजी व हिंदी माध्यम, खेल मैदान, परिवहन, खेलकूद, संगीत, तैराकी, सात टीचिंग लर्निंग इक्विपमेंट केबिन, सात शूज रैक, सात सुपर मल्टीकलर स्लाइड और दो स्मार्ट टीवी से लेकर अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। सीएम राइज विद्यालय में प्राचार्य व कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी अलग तरह की है। सीएम राइज के नए भवन में एक हजार, 1500 और दो हजार छात्र संख्या के हिसाब से स्कूल तैयार किए जाएंगे।

*स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार।* **E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478**